दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 3 | अंक: 141 | जयपुर, बुधवार, 01 मई, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- सप्तमी, विसं 2081 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### अजमेर के एक पोलिंग बूथ पर कल दोबारा होगा मतदान



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान प्रदेश के अजमेर लोकसभा क्षेत्र में नांदसी गांव में एक पोलिंग बूथ पर पुनर्मतदान के लिए निर्देश जारी किए हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के दौरान 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मसूदा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 195, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नांदसी के कमरा संख्या 1 में स्थित बूथ पर दोबारा मतदान 2 मई को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि निर्वाचन विभाग ने आयोग के निर्देशानुसार पुनर्मतदान की सभी तैयारियां कर ली हैं।

### डी. के. त्रिपाठी ने संभाला नौसेना प्रमुख का पदभार



**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को नए नौसेना प्रमुख का पदभार संभाल लिया। आर हरि कुमार के सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद त्रिपाठी ने 26वें नौसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला। 40 साल से ज्यादा के अपने करियर में त्रिपाठी ने कई महत्वपूर्ण असाइनमेंट्स पर काम किया है। वे पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर-इन-चीफ रह चुके हैं। नई जिम्मेदारी संभालने से पहले त्रिपाठी नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख थे। ■ देखें पेज 8 भी

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## टी-20 विश्व कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान...

# रोहित कप्तान तो हार्दिक उपकप्तान... सैमसन-पंत भी टीम में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का मंगलवार को ऐलान हो गया। रोहित शर्मा टीम के कप्तान हैं। 15 सदस्यीय टीम में कई नाम चौंकाने वाले हैं। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को टीम में मौका मिला है, वहीं चोट की वजह से करीब डेढ़ साल टीम इंडिया से दूर रहे विकेट कीपर बैटर ऋषभ पंत की वापसी हुई है, वहीं बैकअप विकेट कीपर के रूप में संजू सैमसन जगह बनाने में सफल रहे हैं। दूसरे विकेट कीपर की रेस में संजू सैमसन, केएल राहुल, जितेश शर्मा, ईशान किशन जैसे खिलाड़ी शामिल थे, लेकिन संजू ने बाजी मार ली। ऋषभ पंत ने जिस तरह से आईपीएल 2024 में दमदार वापसी की। उसके बाद से ये साफ हो गया था कि पंत ही फर्स्ट चॉइस विकेट कीपर होंगे। पंत दिसंबर 2022 में कार हादसे में बुरी तरह घायल हो गए थे और तब से ही टीम इंडिया से बाहर चल रहे। उन्होंने करीब 16 महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की है।

सैमसन ने इस आईपीएल में अब तक 161 की स्ट्राइक रेट से 385 रन बनाए हैं और वह एक बदले हुए टी20 बल्लेबाज के रूप में सामने आए हैं। मध्यक्रम में उनकी मौजूदगी टीम इंडिया के काफी काम आ सकती है। मौजूदा आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने वाले हार्दिक पंड्या को टी20 विश्व कप के लिए उप-कप्तान बनाए रखा गया है।

हालांकि, गुजरात टाइटन्स के कप्तान के रूप में आईपीएल 2024 में फीका प्रदर्शन करने वाले शुभमन गिल को रिजर्व में रखा गया है। वहीं, रिंकू सिंह भी स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में चुने गए हैं।



**टीम में कौन-कौन:** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), संजू सैमसन (विकेट कीपर), शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज। रिजर्व- शुभमन गिल, रिंकू सिंह, खलील अहमद और आवेश खान।

### भारत और पाकिस्तान ग्रुप-ए में शामिल

टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबलों के लिए 5-5 टीमों को 4 ग्रुपों में बांटा गया है। भारत और पाकिस्तान ग्रुप-ए में शामिल हैं। न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज ग्रुप-बी में हैं। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ग्रुप-सी का हिस्सा हैं जबकि ग्रुप-डी में श्रीलंका, साउथ अफ्रीका के साथ बांग्लादेश भी है।

### 9 जून को न्यूयॉर्क में होगी भारत की पाकिस्तान से टक्कर

इस साल टी-20 विश्व कप वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में एक जून से खेला जाएगा। भारत टी-20 विश्व कप के अपने अभियान की शुरुआत 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ करेगा। इसके बाद 9 जून को भारत की टक्कर न्यूयॉर्क में ही पाकिस्तान से होगी। इसके बाद भारत को 12 जून को अमेरिका और फिर 15 जून को कनाडा से भिड़ना है।

## सीएम की पहल पर 28 प्रकरणों का हुआ निस्तारण

# भजनलाल सरकार का बड़ा एक्शन, दो अफसर बर्खास्त

## महिला उत्पीड़न के आरोपी की पेंशन रोकने के दिए आदेश

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सुशासन देने में राज्य कर्मियों की अहम भूमिका होती है, लेकिन कई बार कर्मचारी और अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए कर्तव्यों से भटक जाते हैं। ऐसे लापरवाह और गैरजिम्मेदार अफसरों को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार ने सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

मुख्यमंत्री ने एक दफ्तर में महिला उत्पीड़न के मामले में आरोपी अफसर की पूरी पेंशन रोकने के आदेश दिए गए हैं। सरकार से बिना अनुमति लिए लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे दो अफसरों को सरकारी नौकरी से बर्खास्त करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए विभाग को एक्शन लेने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जांच और अपील के दो मामलों में आरोपी अफसरों को बरी कर दिया। उनके खिलाफ सबूत नहीं थे। उन्होंने कार्मिक विभाग के स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई और अभियोजन स्वीकृति के मामलों को जल्दी निपटाने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हर विभाग में अफसरों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही और करप्शन के मामलों में मुकदमा चलाने की मंजूरी देने की पेंडिंग रिपोर्ट मांगी है। विभाग को अफसरों के खिलाफ पेंडिंग मामलों की 30 जून 2024 तक की स्टेटस रिपोर्ट जुलाई के पहले सप्ताह तक भेजने को कहा है।

मुख्यमंत्री ने सरकारी विभागों के खिलाफ अदालतों में पेंडिंग चल रहे केस में प्रभावी तरीके से पैरवी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अफसरों को पेंडिंग केस की लगातार मॉनिटरिंग करने और विभागों के साथ कॉर्डिनेशन बनाने को कहा है।

### तीन अफसरों के खिलाफ 15 साल से मामले पेंडिंग

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य सेवा के अफसरों के खिलाफ लंबे समय से पेंडिंग चल रही कार्रवाई में फाइनल फैसला दे दिया है। कुल 28 अफसरों के मामलों में फैसला दिया गया है। इनमें से 17 रिटायर हो चुके हैं। तीन अफसरों के खिलाफ तो 15 साल से मामले पेंडिंग चल रहे थे।




## कांग्रेसी नेताओं पर मानहानि केस

# 10 करोड़ रुपए के मानहानि केस में 27 तक मांगा जबाव


**बेधड़क** | जयपुर



अतिरिक्त जिला न्यायालय क्रम-1 महानगर द्वितीय ने विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी नेता डॉ. अर्चना शर्मा के खिलाफ सोशल मीडिया पर मानहानिपूर्ण ऑडियो वायरल करने से जुड़े मामले में राजीव अरोड़ा, पूर्व सहायक महावीर उपाध्याय, विचार व्यास, रामचंद्र गर्ग व महेश शर्मा को नोटिस जारी किए हैं। अदालत ने इनसे 27 मई तक जवाब देने के लिए कहा है। अदालत ने यह आदेश डॉ. अर्चना शर्मा के मानहानि दावे पर दिए हैं। दावे में अधिवक्ता एके जैन ने बताया कि प्रार्थिया मालवीय नगर से कांग्रेस प्रत्याशी थीं और प्रदेश में 25 नवंबर, 2023 को विधानसभा चुनाव होने थे। प्रतिवादी महावीर उपाध्याय, वादी का पूर्व में सहायक कार्यकर्ता था, लेकिन ढाई साल पहले उसे हटा दिया था। इसके चलते प्रतिवादी ने 22 नवंबर को एक कूटरचित ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया और उसमें वादी की कूटरचित आवाज से यह बताया कि वह लोगों को डरा धमका कर उनसे वसूली व ब्लैकमेल करती हैं। ऐसा उसने वादी को ब्लैकमेल व संपत्ति हड़पने के लिए किया था। इसकी रिपोर्ट उसने सांगानेर पुलिस थाने में भी दर्ज कराई थी, लेकिन प्रतिवादियों ने इस ऑडिया को व्हाट्सअप व यूट्यूब पर भी चलाया और इससे वादी के परिवार की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा। प्रतिवादियों ने ऐसा राजनीतिक द्वेषता से किया, जिसके चलते उसकी व उसके परिवार की प्रदेश सहित अन्य जगहों पर भी बदनामी हुई है, ऐसे में वह प्रतिवादियों से 10 करोड़ रुपए की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने की अधिकारी है।

## फर्जी कंपनियों से कर रहे थे सोने-चांदी का कारोबार

# ज्वेलर्स ग्रुप के ठिकानों पर इनकम टैक्स की रेड




**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर। आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह तड़के तीन राज्यों में एक ज्वेलर्स ग्रुप पर छापेमारी की। इसके बाद ज्वेलरी कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जयपुर में ग्रुप के घर और शोरूम में सर्च किया गया। इस सर्च के दौरान सट्टे से जुड़े कागज भी मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, कोलकाता में कई फर्जी कंपनियों के जरिए ये लोग सोने और चांदी का कारोबार कर रहे थे। मामला हवाला और मटका (सट्टा) कारोबार से भी जुड़ा है। सर्च के दौरान आईटी की टीम को संचालकों के कई लॉकर की जानकारी मिली है। इसके आधार पर आईटी की टीमों ने लॉकर को सील कर दिया है। आयकर विभाग की टीमें ज्वेलर्स ग्रुप के बैंक लॉकर्स को भी खंगालने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही ज्वेलर्स ग्रुप के ठिकानों पर दस्तावेजों की भी जांच पड़ताल की जा रही है। आयकर विभाग को जांच पड़ताल में बड़ी मात्रा में टैक्स चोरी, अघोषित आय के साथ ही बेनामी संपत्तियो के राज खुलने की भी संभावना है। करीब 150 से अधिक आयकर कर्मी छापेमारी में शामिल है। आयकर विभाग की टीमें ज्वेलर्स कारोबारी के घर, दफ्तर और अन्य ठिकानों पर भी सर्च कर रही है।

## सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़: एके-47 और गोला-बारूद बरामद

# छत्तीसगढ़ में 3 महिला सहित 10 नक्सली ढेर

**एजेंसी** | बीजापुर

छत्तीसगढ़ में नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर जंगल में मंगलवार को नक्सलियों के साथ सुरक्षाकर्मियों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित 10 नक्सली मारे गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि 15 दिनों में सुरक्षा बलों का नक्सलियों पर यह दूसरा बड़ा हमला है। उन्होंने एक वीडियो बयान में इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में एक बड़ी सफलता बताया। पुलिस के मुताबिक, ताजा मुठभेड़ मंगलवार सुबह करीब 6 बजे नक्सलियों के गढ़ माने जाने वाले अबुझमाड़ इलाके के टेकमेटा और काकुर गांवों के बीच जंगल में हुई। दरअसल, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। ऑपरेशन सोमवार रात को शुरू किया गया था और मंगलवार सुबह नारायणपुर और कांकेर जिलों की सीमा पर अभुजमाड़ इलाके में मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में तीन महिलाओं समेत 10 नक्सलियों को मार गिराया गया और उनके शव बरामद कर लिए गए। मुठभेड़ में सुरक्षाकर्मियों को कोई नुकसान नहीं हुआ। डिप्टी सीएम ने कार्रवाई को एक बड़ी सफलता बताते हुए कहा कि मौके से एक एके-47 राइफल और अन्य हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का जखीरा भी बरामद किया गया है।



## कोटा में लगातार बढ़ रही आत्महत्या की घटनाएं

# 'सॉरी पापा इस बार भी मेरा सलेक्शन...' एक और छात्र फंदे से लटका

**बेधड़क** | जयपुर

कोटा में देशभर से छात्र-छात्राएं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने जाते हैं, लेकिन कोटा में आत्महत्या की घटनाएं थमती हुई नजर नहीं आ रही हैं। मंगलवार को एक और छात्र यहां फांसी के फंदे से लटक गया। वह कोटा में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। छात्र का शव उसके कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। छात्र ने सुसाइड नोट में यह कदम उठाने के लिए अपने पिता से माफी मांगी है। मृतक धौलपुर का रहने वाला बताया जा रहा है। इस साल जनवरी से अप्रैल तक कोटा में कुल 10 छात्रों ने सुसाइड कर लिया है।

मृतक छात्र का एक सुसाइड नोट भी सामने आया है। उसमें छात्र ने लिखा, 'मुझे माफ कर दीजिए पापा... मैं इस साल भी नहीं कर पाया।' पीले रंग के पर्ची पर मृतक ने एक उदास चेहरा भी बनाया है।

मृतक छात्र की पहचान धौलपुर निवासी भरत के रूप में हुई है, जो कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। छात्र तलवंडी इलाके में हॉस्टल में रह रहा था। सूचना पर जवाहर नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया गया है। अभी तक की जांच में सामने आया कि छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है।




### जनवरी से अप्रैल तक 10 छात्रों ने किया सुसाइड

#### दो दिन में दूसरा सुसाइड

कोटा में पिछले दो दिन के अंदर नीट की तैयारी कर रहे दो छात्रों ने सुसाइड किया है। एक दिन पहले ही हरियाणा के रोहतक निवासी सुमित ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी। सुमित का 5 मई को नीट का एग्जाम था। मंगलवार को फिर से नीट की तैयारी कर रहे एक और छात्र ने आत्महत्या कर ली। वहीं पुलिस को छात्र के कमरे से एक नोट मिला है। उसमें अपने पापा से माफी मांगते हुए उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने की बात लिखी है।

#### इस साल अब तक 10 मौतें

कोटा में साल 2024 में अब तक कुल 10 छात्र-छात्राओं ने सुसाइड कर लिया है। 5 मई को नीट की परीक्षा होनी है। 29 अप्रैल को एक छात्र ने आत्महत्या कर ली, जो नीट की तैयारी कर रहा था। वहीं आज भी जिस छात्र ने सुसाइड किया वह कोटा में नीट की तैयारी कर रहा था।

### शिक्षा मंत्री ने मां-पिता और संगत को ठहराया था दोषी

कोटा में छात्रों के सुसाइड के मामले को लेकर एक दिन पहले शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि सुसाइड के मामले में एक ही पक्ष को दोषी ठहरना उचित नहीं है। इस तरह के मामलों में उनका कुछ परसेंटेज हो सकता है, लेकिन सुसाइड जैसे मामलों में मां-पिता और संगत भी दोषी है। उन्होंने कहा कि कई बार छात्र गलत संगत में पड़ जाते हैं या फिर वो प्यार में असफल होते हैं तो इस तरह के कदम उठाते हैं।

## जरूरी खबर

### मंत्री खर्रा सहित कई BJP नेता आज पश्चिम बंगाल जाएंगे



**बेधड़क.जयपुर।** लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान सरकार के मंत्री और समेत भाजपा नेता बुधवार को जयपुर से पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने बताया कि मंत्री झाबर सिंह खर्रा, गौतम दक, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, भूपेन्द्र सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानीं, राजेन्द्र शर्मा और राजेश कुमार सांगानेर एयरपोर्ट से पश्चिम बंगाल के लिए रवाना होंगे। प्रवास के दौरान ये सभी प्रत्याशियों की चुनावी सभाओं में शामिल होंगे।

### गर्मी में ट्रेनों के सुरक्षित संचालन पर हुई चर्चा

**बेधड़क.जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे की संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन महाप्रबंधक अमिताभ की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार बैठक में महाप्रबंधक अमिताभ ने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है और गर्मी के मौसम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां जैसे कि पेट्रोलिंग, खतरे के समय गाड़ियों के सुरक्षित संचालन संबंधी नियम, स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाए जाने वाले कदम आदि पर रेल कर्मियों को गहन प्रशिक्षण एवं काउंसलिंग सतत रूप से होती रहनी चाहिए।

### भाटी को सुरक्षा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन



**बेधड़क.जयपुर।** शिव विधायक और बाड़मेर-जैसलमेर सीट के निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह भाटी की सुरक्षा की मांग को लेकर मारवाड़ राजपूत समाज ने जोधपुर कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। जिला कलेक्टर में मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर दीप्ति शर्मा को ज्ञापन दिया। राजपूत समाज सहित 36 कौम के लोग प्रदर्शन में पहुंचे और जेड श्रेणी की सुरक्षा देने की मांग की। इसी दौरान मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष ने तो भाटी को धमकी देने वालों का एनकाउंटर करने की बात कही। राजपूत सभा के अध्यक्ष बोले पहले गोगामेड़ी ने भी सुरक्षा मांगी नहीं मिली और फिर उसकी हत्या हो गई थी। समाज अपना और कोई बेटा नहीं खोना चाहती। उन्होंने रविंद्र को सुरक्षा देने की मांग की।

---

**लोकसभा चुनाव में सहयोग नहीं करने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने उठाया बड़ा कदम**

# BAP ने उदयपुर लोस सीट पर पदाधिकारियों को पद हटाया

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दोनों चरण पूरे होने के बाद भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियां भी अपनी-अपनी जीत-हार को लेकर आंकलन करने में जुटी है।

वहीं लोकसभा चुनाव में पार्टियां कार्यकर्ताओं के कामों का भी आंकलन कर रही है। इसको लेकर पार्टियों के नेता फीडबैक लेने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में लोकसभा चुनाव में सहयोग नहीं करने पर भारत आदिवासी पार्टी ने अपने पदाधिकारियों पर बड़ा एक्शन लिया है। वहीं पदाधिकारियों की ओर से पद के दुरुपयोग को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बड़ा कदम उठाया है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने उदयपुर लोकसभा सीट के सभी पार्टी पदाधिकारियों को पद से हटा दिया है। इसमें जिला, मंडल, ब्लॉक, संभाग, प्रदेश ओर राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को हटाया गया है। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणाम बाद दोबारा संगठन का गठन किया जाएगा।



### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जारी किया पत्र

बता दें कि लोकसभा चुनाव में पद का दुरुपयोग करने, प्रत्याशियों के प्रचार व अन्य कार्यों में सहयोग नहीं करने, निजी स्वार्थ को ज्यादा महत्व देने पर पार्टी अध्यक्ष की तरफ से यह एक्शन लिया गया है। भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने एक पत्र जारी करते हुए उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले पार्टी के सभी पदाधिकारियों को पद से हटा दिया है। पत्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लिखा है कि उदयपुर लोकसभा क्षेत्र में राजनीतिक कार्यकर्ताओं की और से लोकसभा चुनाव में आशानुरूप सहयोग नहीं करने, पद का दुरुपयोग करने की शिकायत मिली। समाज से ज्यादा निजी स्वार्थ को अधिक महत्व देने की शिकायत पर सभी मंडल, ब्लॉक, जिला, संभाग, प्रदेश ओर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद से मुक्त किया जाता है।

### बांसवाड़ा सीट पर कांग्रेस के साथ था गठबंधन

बताया गया कि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद फिर से संगठन का सर्वसहमति से गठन किया जाएगा। खास बात है कि लोकसभा चुनाव के लिए भारत आदिवासी पार्टी ने बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस के साथ गठबंधन किया था। हालांकि, उदयपुर समेत जालोर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस और बीएपी के बीच किसी तरह का कोई समझौता या गठबंधन पर बातचीत नहीं हुई। इसे लेकर बीएपी में भी नाराजगी देखी गई। इन सीटों पर बीएपी और कांग्रेस दोनों के मैदान में रहने से दूसरी पार्टियों को फायदा मिलने की संभावना है। इसी वजह से पार्टी की और से ये एक्शन लेने की बात सामने आ रही है।

---

**मुख्य सचिव व प्रमुख विधि सचिव को शपथ पत्र पेश करने को कहा**

# कोर्ट ने सरकार की लचर पैरवी व्यवस्था पर जताई नाराजगी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव को शपथ पत्र पेश कर बताने को कहा है कि आखिर अदालतों में सरकार की ओर से लचर पैरवी की व्यवस्था कब तक रहेगी। इसके अलावा दोनों अधिकारी यह भी बताए कि सरकारी वकीलों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश मुकेश कुमार की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। इसके साथ ही अदालत ने असिस्टेंट रेडियोग्राफर भर्ती-2018 से जुड़े इस मामले में राज्य सरकार को 25 हजार रुपए के हर्जाने की शर्त पर जवाब पेश करने के लिए दो सप्ताह का समय दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि पूर्व में भी कई मामलों में राज्य सरकार को यह व्यवस्था सुधार के लिए कहा जा चुका है। यहां तक की कई मामलों में राज्य सरकार पर हर्जाना भी लगाया गया है। इसके बावजूद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि एक प्रकरण में तो आदेश को राज्यपाल के पास भेजकर सरकार के सुस्त रवैये से अवगत भी कराया जा चुका है।



### कोर्ट ने कहा- सरकार गंभीर नहीं

कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल ने इस संबंध में राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगने के साथ व्यवस्था सुधार के निर्देश भी दिए होंगे। इससे लगता है कि राज्य सरकार न्यायिक व्यवस्था और अदालती आदेश को लेकर गंभीर नहीं है। आज भी कई मामलों में नोटिस जारी होने के बाद भी सरकार की ओर से पक्ष रखने वाला कोई नहीं आया है। ऐसी स्थिति में मुख्य सचिव और प्रमुख विधि सचिव से स्पष्टीकरण लेना आवश्यक हो गया है।

### नोटिस जारी होने के बावजूद जवाब पेश नहीं

अदालत ने कहा कि मामले में 20 सितंबर, 2018 को नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद भी जवाब पेश नहीं किया गया। इस पर याचिकाकर्ता ने सरकारी जवाब को बंद करने के लिए प्रार्थना पत्र पेश किया गया था, जिसे अदालत ने खारिज करते हुए राज्य सरकार को दो सप्ताह में जवाब पेश नहीं करने पर केस के प्रभारी अधिकारी को हाजिर होने को कहा था। इसके बावजूद भी राज्य सरकार ने जवाब पेश नहीं किया। वहीं गत 7 दिसंबर को सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ। इसके अलावा अब भी राज्य सरकार की ओर से कोई वकील अदालत में हाजिर नहीं है। याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने बताया कि असिस्टेंट रेडियोग्राफर भर्ती-2018 में योग्य और मेरिट में होने के बाद भी याचिकाकर्ता को नियुक्ति नहीं दी गई है।

---

**बाबूसिंह राठौड़ आए बैकफुट पर**

# BSF जवान और मतदान कर्मियों से बहस को लेकर मांग ली माफी

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के मतदान के दिन जोधपुर की शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नाथडाउ गांव के बूथ पर विधायक बाबूसिंह राठौड़ के बीएसएफ जवान और मतदान कर्मियों के बीच हुई बहस के मामले में विधायक ने बैकफुट आते हुए सार्वजनिक माफी मांग ली है। मंगलवार को अपने क्षेत्र में एक प्रेस कांफ्रेंस में विधायक बीएसएफ जवान पर लगाए आरोपों पर अडिग रहे, लेकिन साथ में यह कहते हुए नजर आए कि मेरा कोई उद्देश्य किसी को ठेस पहुचाना नहीं था।

उन्होंने कहा कि उस दिन मुझे शिकायत मिली थी कि महिला मतदाताओं के साथ जानबूझ कर अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। उनके चेहरे देखे जा रहे हैं, जिसके चलते मैंने आपत्ति जताई थी। मेरे इस व्यवहार से किसी को ठेस लगी है, तो मैं उसको लेकर हाथ जोड़ कर माफी मांगता हूं। जब मैं वहां पहुंचा, तो मेरे से भी पहचान पत्र मांगा गया। मैंने विधायक का परिचय पत्र दिखाया, तो मुझसे आधार कार्ड मांगा गया। उन्होंने कहा कि मेरे सामने बंदूक तान दी थी, जिस पर मैंने नाराजगी जताई थी। उस घटनाक्रम से किसी को ठेस पहुंची है, तो माफी मांगता हूं। शेरगढ़ में सर्वाधिक सैनिक और गौरव सैनिक हैं। मैं हमेशा सभी का सम्मान करता आया हूं। बाबूसिंह ने आरोप लगाया कि पीठासीन अधिकारी कांग्रेस प्रत्याशी के रिश्तेदार थे। उनकी वजह से मतदान में देरी हो रही थी। मेरी शिकायत पर उनको हटाया भी गया।



### विधायक के खिलाफ जांच शुरू

26 अप्रैल को नाथडाउ गांव के बूथ पर शेरगढ़ विधायक के पहले बीएसएफ जवान के साथ उलझने और उसके बाद मतदान केंद्र में कर्मियों को धमाकने का वीडियो समाने आया था। जिसके बाद पुलिस ने शेरगढ़ थाने में आईपीएसी की धारा 189 के तहत रपट डालकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मामले में राज्य और केंद्र के गृह विभाग के अधिकारी जांच कर कार्रवाई के पक्ष में है।

---

**सेवानिवृत्त होने पर उपहार भेंटकर किया सम्मान**

# प्रो. झा को विद्यार्थियों ने दी विदाई

**बेधड़क | जयपुर**

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय त्रिवेणी नगर जयपुर में व्याकरण विभाग के अध्यक्ष प्रो. शिवकांत झा 40 वर्ष की कुशलता पूर्वक सेवा पूर्ण करने पर सेवानिवृत हुए। उनका विदाई समारोह विश्वविद्यालय के नूतन सभागार में आयोजित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा थे। अध्यक्षता पूर्व निदेशक प्रो. भगवती सुदेश ने की। विशिष्ट अतिथि प्रो. अर्कनाथ चौधरी, प्रो. विष्णुकांत पाण्डेय थे। इस अवसर पर प्रो. शिवकांत झा को केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। उनके कार्यकाल के बारे में जानकारी देते हुए वक्ताओं ने कहा की प्रो. शिवकांत झा ने 40 वर्ष से अधिक समय से व्याकरण विभाग में सेवाएं दी। इस दौरान हजारों छात्रों की आर्थिक सहायता के साथ उनकी हर संभव मदद कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रो. झा के सान्निध्य में 40 से अधिक छात्रों ने विद्यावारिधि पीएचड़ी उपाधि प्राप्त की। इनके द्वारा शिक्षित हजारों छात्र राज्य और केन्द्रीय सेवाओं में कार्यरत हैं। विंटेज कार से अपने प्रिय गुरुजी को विदाई देने के लिए काफी संख्या में पूर्व छात्र भी यहां पहुंचे। इस दौरान विद्यार्थियों ने उन्हें कई प्रकार के उपहार भी भेंट किए।



---

**रोडवेज मुख्यालय पर हुई 306वीं संचालन मंडल की बैठक**

# संविदात्मक करारों के निस्तारण पर चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की 306वीं संचालन मण्डल बैठक मंगलवार को रोड़वेज मुख्यालय पर निगम अध्यक्ष श्रेया गुहा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक अअंकेक्षित लेखों का निगम संचालक मण्डल ने अनुमोदन किया।

बैठक में राज्य सरकार के निर्देषानुसार निगम एवं संवेदकों के मध्य सम्पादित किये जाने वाले सभी प्रकार के संविदात्मक करारों में आपसी मतभेद से निपटारे के लिए मध्यस्थता के प्रावधानो को हटाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। संचालक मण्डल ने स्पष्ट किया कि भविष्य में किये जाने वाले सभी संविदात्मक करारों में मध्यस्थता से सम्बन्धित कोई भी प्रावधान नही रखा जाएगा। इसके साथ ही निगम संचालक मंडल की गत सभाओं में लिए गए निर्णयों की क्रियान्विति की समीक्षा की गई। बैठक में समस्त आगारीय अन्तआगारीय और मुख्यालय उडनदस्तों द्वारा सम्पन्न निरीक्षण परिणामों का गत वर्ष से तुलनात्मक समीक्षा भी हुई। बैठक में निगम के पैंशन फंड की देखरेख एवं संरक्षण के लिए पूर्व में गठित न्यास मण्डल में संषोधित कर प्रबन्ध निदेशक को न्यास मंडल का अध्यक्ष एवं वित्तीय सलाहकार को सदस्य सचिव मनोनित करने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। बैठक में वित्त विभाग के शसन सचिव नरेश कुमार ठकराल, परिवहन आयुक्त डॉ. मनीषा अरोड़ा, उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रमुख मुख्य वाणिज्यिक प्रबन्धक नरसिह दास, सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के अवर सचिव तपन कुमार के अतिरिक्त निगम की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) अनिता मीना, कार्यकारी निदेशक (यातायात) डॉ. ज्योति चौहान, वित्तीय सलाहकार रामगोपाल पारीक, कार्यकारी निदेशक (विधि) विजय कुमार जैन तथा निगम सचिव रिजू जैकब उपस्थित रहें।



---

**जीत-हार को लेकर नेता लगा रहे कयास**

# चार लोकसभा सीटों के प्रत्याशी डोटासरा से मिले, दिया चुनाव का फीडबैक

**बेधड़क | जयपुर**

लोकसभा चुनाव के रण में राजस्थान की सभी 25 सीटों पर लोकसभा सीटों पर मतदान हो चुका है। अब प्रत्याशी और पार्टी के नेता जीत-हार का गणित लगाने में जुटे हैं।

इसी कड़ी में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले चार प्रत्याशियों ने आज पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की और चुनाव का फीडबैक दिया। प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मंगलवार को भजनलाल जाटव, ललित यादव, मुरारीलाल मीना और हरिश्चंद्र मीना ने मुलाकात की। इसे लेकर डोटासरा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो पोस्ट कर लिखा, 'कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी भजन लाल जाटव, मुरारी लाल मीना, हरीशचन्द्र मीना और ललित यादव ने पीसीसी वॉर रूम में भेंट की।' माना जा रहा है कि इस दौरान इन चारों प्रत्याशियों ने अपनी-अपनी सीट पर मजबूत स्थिति होने का फीडबैक दिया है। इसके साथ ही स्थानीय समीकरणों को लेकर भी चर्चा हुई।

### इन सीटों पर कांग्रेस की स्थिति मजबूत

जिन चार लोकसभा प्रत्याशियों ने डोटासरा से मुलाकात की है, उनकी इस चुनाव में स्थिति मजबूत बताई जा रही है। भजनलाल जाटव करौली-धौलपुर से, ललित यादव अलवर से, मुरारीलाल मीना दौसा से और हरिश्चंद्र मीना टोंक-सवाई माधोपुर से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। इन चारों सीटों पर कांग्रेस की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। इनके अलावा भी प्रदेश की कई सीटों पर कांग्रेस की स्थिति मजबूत मानी जा रही है।



### भाजपा से ज्यादा सीट जीतेंगी कांग्रेस: रंधावा

कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में पंजाब की गुरदासपुर सीट से लोकसभा प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने वहां मीडिया से बातचीत में दावा किया कि राजस्थान में कांग्रेस लोकसभा चुनाव में भाजपा से ज्यादा सीट हासिल करेगी। इससे पहले कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा भी दावा कर चुके हैं कि राजस्थान में इस बार कांग्रेस डबल डिजिट में सीट हासिल करेगी।

### डबल डिजिट में सीटें जीतने का दावा

कांग्रेस लगातार दो लोकसभा चुनाव में राजस्थान में अपना खाता नहीं खोल पाई है। ऐसे में पार्टी इस बार अपना 10 साल का सीटों का सूखा खत्म करने के इरादे से चुनावी मैदान में उतरी है। इस बार चुनाव की शुरुआत से ही कांग्रेस के नेता दावा कर रहे हैं कि राजस्थान में भाजपा के खिलाफ माहौल है और 10-15 सीटों पर कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। अब दो चरणों में प्रदेश की सभी 25 सीटों पर मतदान के बाद कांग्रेस के नेता डबल डिजिट में सीट जीतने का दावा कर रहे हैं।

## जरूरी खबर

### निजी स्कूलों के लिए आज निकलेगी RTE लॉटरी



**जयपुर।** राजस्थान के प्राइवेट स्कूलों में फ्री एडमिशन के लिए इंतजार कर रहे स्टूडेंट्स और पेरेंट्स का इंतजार बुधवार को खत्म हो जाएगा। जयपुर के शिक्षा संकुल में बुधवार दोपहर 3 बजे शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल प्रदेश के 31 हजार 112 स्कूलों में फ्री एडमिशन के लिए राइट टू एजुकेशन सत्र 2024-25 की ऑनलाइन लॉटरी निकालेंगे। इसके लिए 8 लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं। आरटीई कानून के तहत प्राइवेट स्कूलों को अपने यहां एंट्री लेवल की कक्षा में कुल संख्या में से 25 फीसदी सीटों पर फ्री प्रवेश देना होगा। बाकी 75 प्रतिशत सीटों पर वे फीस लेकर प्रवेश दे सकते हैं। 25 फीसदी सीटों पर फ्री प्रवेश का भुगतान राज्य सरकार देती है।

### कारखाने से 27 लाख रुपए का लोहा चोरी

**जयपुर।** राजधानी में लोहा कारखाने से 27 लाख रुपए का 2700 किलो लोहा चोरी होने का मामला सामने आया है। शटर तोड़कर अंदर घुसे बदमाश लोडिंग गाड़ी में सामान भरकर भाग निकले। शॉप में लगे सीसीटीवी फुटेज में चोरों की करतूत कैद हो गई। रामनगरिया थाना पुलिस फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश कर रही है। हेड कॉन्स्टेबल किशन सिंह ने बताया- जगतपुरा निवासी अब्दुल हकीम (34) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसका आनन्द विहार पृथ्वी मार्केट में लोहा का सामान बनाने की कारखाना है। 28 अप्रैल की रात को रोज की तरह कारखाना बंद कर वह घर चले गए। पीछे से बदमाशों ने चोरी के लिए कारखाने को निशाना बनाया। चोरी गए सामान में 1100 किलो की अलग-अलग ग्रील, 500 किलो की रैलिंग, कटर मशीन-4, बैल्डिंग मशीन-2, 600 किलो के दो मैन गेट और 500 किलो का कच्चा माल शामिल हैं।

**RU में 11 मांगों को लेकर ABVP ने किया प्रदर्शन, कुलपति सचिवालय में धरने पर बैठे**

# PAT में 50% से ज्यादा अंक वालों को इंटरव्यू में बुलाया जाए

बेधड़क | जयपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार को कुलपति सचिवालय का घेराव किया। इस दौरान नाराज छात्र कुलपति सचिवालय में घुसकर धरने पर बैठ गए। जिन्हें बमुश्किल पुलिस ने बाहर निकला। इस दौरान छात्रों और पुलिस के बीच की बहस भी हो गई। जिसके बाद छात्रों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान यूनिवर्सिटी के इकाई अध्यक्ष रोहित मीणा ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा पीएटी भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी की गई है। इससे गरीब और जरूरतमंद छात्र एडमिशन से वंचित रह रहे हैं। ऐसे में पीएटी में 50% से ज्यादा अंक लाने वाले स्टूडेंट्स को अब इंटरव्यू में बुलाया जाए। इसके साथ ही कैंपस के लाइब्रेरी भवन को फिर से शुरू किया। रोहित मीणा ने कहा कि इसके साथ ही हमारी 11 सूत्री मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

### आखिरी सांस तक छात्रों के लिए लड़ेंगे

उन्होंने कहा कि हमने पहले भी शांतिप्रिय प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा पुलिस को बुलाकर हम पर लाठी चार्ज किया गया। इससे हम डरने वाले नहीं हैं। एबीवीपी का प्रत्येक कार्यकर्ता आखिरी सांस तक आम छात्रों के लिए लड़ाई लड़ेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थान यूनिवर्सिटी के इकाई मंत्री मनु दाधीच ने कहा कि हम आम छात्रों की जायज मांगों के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने समय रहते हमारी मांगों को पूरा नहीं किया तो आने वाले वक्त में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेगी।

### ये हैं विद्यार्थी परिषद की 11 सूत्रीय मांगें

PAT प्रवेश परीक्षा में 50% से अधिक अंक लाने वाले सभी विधार्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाए। सभी छात्र-छात्राओं की लंबित कौशन मनी लौटाई जाए।नए केंद्रीय पुस्तकालय को फिर से शुरू किया जाए। सभी बंद पड़ी कैंटीन टेंडर कर फिर से शुरू की जाए। एडमिशन के समय छात्र-छात्राओं से पार्किंग के नाम पर फीस वसूल की जाती है। कैम्पस में पार्किंग जैसी सुविधाएं नहीं है, इसलिए फीस लौटाई जाए। CCTV कैमरे लगाए जाए। विश्वविद्यालय कैंपस की जहां कक्षाएं लगती हैं वहां से परीक्षा केंद्रो को शिफ्ट किया जाए। केंद्रीय पुस्तकालय, महिला छात्रावास में छात्राओ के लिए नैपकिन वेंडर मशीन लगाई जाए। जिन छात्रावासों की चारदीवारी नहीं हुई है, उनकी तुरंत चारदीवारी करवाई जाए। कैंपस में सड़को का डामरीकरण का कार्य पूरा किया जाए। कैंपस के स्पोर्ट्स हॉस्टल सहित अन्य छात्रावासों की मैस में खाना क्वालिटी का नहीं मिल रहा है। इसमें जल्द से जल्द सुधार किया जाए। इसके साथ ही महिला छात्रावासों में खाने की डाइट में प्रतिदिन छाछ या दही की व्यवस्था की जाए।

**हेरिटेज नगर निगम मई में शुरू करेगा वॉट्सऐप चैट हेल्पलाइन**

# वॉट्सऐप पर बताएं समस्या 48 घंटे के भीतर समाधान




बेधड़क | जयपुर

राजधानी में रहने वाले लोगों को समस्याओं और मूलभूत काम के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। जयपुर नगर निगम हेरिटेज ने वॉट्सऐप चैट हेल्पलाइन शुरू की है। इसके जरिए आम आदमी घर बैठे वॉट्सऐप के जरिए अपनी सभी समस्याओं और सवालों का समाधान हासिल कर सकेगा।

दरअसल, मई में जयपुर नगर निगम ने वॉट्सऐप चैट हेल्पलाइन शुरू करने का फैसला किया गया है। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में रहने वाला प्रत्येक नागरिक अपने मोबाइल के जरिए घर बैठे अपनी सड़क, सीवरेज, सफाई, लाइट, गार्डन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आवारा पशु, जैसी तमाम नगर निगम से संबंधित समस्याओं की शिकायत और जानकारी वॉट्सऐप चैट के जरिए हासिल कर सकेगा।




### ज्यादा समय लगा तो होगी मॉनिटरिंग

जब तक संबंधित व्यक्ति संतुष्ट नहीं होगा। उस समस्या को निस्तारित नहीं किया जाएगा। अगर इस प्रक्रिया में 48 घंटे से ज्यादा का वक्त लगेगा तो संबंधित विभाग के उपायुक्त सीधे उसे मॉनिटर करेंगे। अगर वह भी उस समस्या का समाधान नहीं कर सकेंगे। सीधे नगर निगम के आयुक्त उसे समस्या के समाधान के लिए काम करेंगे।

### हेल्पलाइन सेंटर में जाएगी जानकारी

इसके बाद इसकी सीधी जानकारी नगर निगम के हेल्पलाइन सेंटर में जाएगी। जहां से संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को उसे दुरुस्त करने के निर्देश मिलेंगे। इसके बाद अगले 24 से 48 घंटे में उस समस्या का समाधान होगा। इसके बाद नगर निगम की हेल्पलाइन से ही संबंधित व्यक्ति को फिर से फोन कर उसकी समस्या के समाधान की जानकारी हासिल की जाएगी। ऐसे में अगर संबंधित व्यक्ति समस्या के समाधान से संतुष्ट हुआ तो नगर निगम हेरिटेज के रिकॉर्ड में निस्तारित समस्याओं में उसे शामिल किया जाएगा। अगर, संबंधित व्यक्ति उसे समस्या के समाधान से संतुष्ट नहीं हुआ तो उसकी समस्या को फिर से समझ उसे दुरुस्त किया जाएगा।

### अभी ट्रायल में प्रक्रिया

नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया- वॉट्सऐप आजकल हर आदमी इस्तेमाल करता है। इसी बात को ध्यान में रखकर नगर निगम द्वारा वॉट्सऐप चैट हेल्पलाइन शुरू की जा रही है। इसके जरिए घर बैठे आम आदमी नगर निगम से संबंधित अपनी किसी भी समस्या का समाधान और सवाल का जवाब हासिल कर सकेगा। इसकी ट्रायल प्रक्रिया जारी है। इसके पूरा होने के बाद आम आदमी के लिए भी इसे शुरू कर दिया जाएगा।

**सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग**

## अधिकारी कर्मयोगी की भावना से मिलकर कार्य करें: मुख्य सचिव



बेधड़क | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि सभी अधिकारी एक कर्मयोगी की भावना से मिलकर कार्य करें। उन्होंने सभी विभागों के प्राशासनिक सचिवों एवं विभागाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों व उनके कार्यों की लगातार समीक्षा, निरीक्षण व मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि निश्चित समय अवधि में समस्त विभागीय कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें। पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित सीनियर ऑफिसर्स मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकतर विभागों द्वारा बैठकों में प्लास्टिक बॉटल के प्रयोग को बंद करने लिए कांच की बोतल का प्रयोग करना एक सराहनीय पहल है, लेकिन इसे जिलों, तहसील व ग्राम पंचायत कार्यालयों तक अमल में लाना होगा। इसी तरह विभिन्न सरकारी बैठकों में उच्चाधिकारियों को बुके देने की परंपरा पर रोक लगाएं। मुख्य सचिव ने उपस्थित विभागों के सचिव व विभागाध्यक्षों को कहा कि विभिन्न स्थानों के दौरे व यात्राओं के दौरान यथासंभव सरकारी परिसम्पतियों मे ही रुकें और बैठकों, कार्यशालाओं व प्रशिक्षण के लिए यथासंभव सरकारी सभागारों के प्रयोग को ही प्राथमिकता दें। पंत ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को भू-रूपांतरण, पंजीकरण आदि कार्यों में शत—प्रतिशत पारदर्शिता हेतु नवीन सॉफ्टवेयर व ऑटोमेटेड सिस्टम के प्रयोग के लिए निर्देशित किया। पंत ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा लोकसेवकों द्वारा किए गए आपराधिक कृत्यों की जांच के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग अथवा अन्य सम्बंधित विभाग से पूर्वानुमोदन प्राप्त करने हेतु लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। बैठक में सम्बंधित विभागों के अतरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सचिव और सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**स्ट्रीट वेंडर्स को मिली राहत, हाईकोर्ट ने दिए आदेश**

## नॉन लाइसेंसी वेंडर्स पर सख्ती नहीं करें

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के स्ट्रीट वेंडर्स (थड़ी-ठेला संचालक) को राजस्थान हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने प्रदेश में नॉन वेंडिग जोन में थड़ी-ठेला लगाने वाले नॉन लाइसेंसी वेंडर्स पर सख्ती नहीं करने के आदेश दिए हैं।

कोर्ट ने यह आदेश नेशनल ह्यूमन राइट एंड सोशल जस्टिस ऑर्गेनाइजेशन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। ऑर्गेनाइजेशन ने अदालत में पीआईएल लगाकर कहा था कि



प्रदेश में साल 2011 में स्ट्रीट वेंडर एक्ट बना था, लेकिन पिछले 13 साल में भी जयपुर शहर सहित प्रदेश के अन्य शहरों में वेंडिग जोन नहीं बनाए गए है। ऐसे में स्ट्रीट वेंडर सड़क किनारे और फुटपाथ पर थड़ी-ठेला लगाने पर मजबूर हैं। ऐसा करने पर पुलिस और स्थानीय निकाय द्वारा इन पर कार्रवाई की जाती है, जिससे इनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। इस पर कोर्ट ने स्ट्रीट वेंडर को अंतरिम राहत देते हुए इन पर कार्रवाई करने पर रोक लगा दी है। वहीं सरकार, गृह विभाग, स्वायत्त शासन निकाय और डीजीपी से जवाब मांगा है। जनहित याचिका में पैरवी करने वाले वकील संजय जोशी ने कहा कि एक्ट लागू होने के बाद जयपुर शहर में करीब 86 वेंडिंग जोन बनने थे, लेकिन आज तक एक भी वेंडिंग जोन नोटिफाई नहीं किया।

**जयपुर समेत 24 स्टेशनों पर रुकेगी**

## कोलकाता के लिए चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

बेधड़क | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे राजस्थान से कोलकाता के लिए स्पेशल ट्रेन शुरू करेगा। यह ट्रेन 5 मई में को शुरू होगी। 2 जुलाई को अपना आखिरी फेरा पूरा करेगी। इस दौरान यह ट्रेन जयपुर, उदयपुर समेत प्रदेश और देश के 24 अलग-अलग रेलवे स्टेशनों पर रुकेगी। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे ने 6 ट्रेनों में 11 अस्थाई कोच की बढ़ोतरी भी की है, ताकि आम यात्रियों को आसानी से रेलवे में सफर करने



का मौका मिल सके। दो ट्रेनों को रीशेड्यूल भी किया गया है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि उदयपुर सिटी-कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल रेल उदयपुर सिटी से प्रत्येक रविवार को दोपहर 2 बजकर 5 मिनट पर रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात 9 बजकर 45 मिनट पर पहुंचेगी। इसके बाद जयपुर से रात 9 बजकर 55 मिनट पर रवाना होकर मंगलवार को सुबह 4 बजे कोलकाता पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 09620, कोलकाता-उदयपुर सिटी रेल सेवा 7 मई से 2 जुलाई तक कोलकाता से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर दोपहर 1 बजकर 40 मिनट पर पहुंचेगी। इसके बाद जयपुर से 1 बजकर 30 मिनट पर रवाना होकर रात 11 बजकर 15 मिनट पर उदयपुर सिटी स्टेशन पहुंचेगी।

**हेरिटेज निगम का 'जागो जयपुर-जगमग जयपुर' अभियान**

# स्वच्छता जीवन में उतारें, शुरुआत अपने घर से ही करें

बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम के 'जागो जयपुर, जगमग जयपुर' अभियान के तहत स्वच्छता प्रहरियों ने मंगलवार को सिविल लाइन और हवामहल जोन में जागरूकता अभियान चलाया।

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर निगम के प्रहरी सिविल लाइन जोन के वार्ड 51 में स्थित महिमा गार्डन पार्क पहुंचे, जहां अलसुबह भ्रमण कर रहे लोगों को गीले और सूखे कचरे के बारे में बताया। जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही राजस्व उपायुक्त सरोज ढाका ने 'स्वच्छता की सुबह' जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उपायुक्त



ढाका ने कहा कि हमें आम जीवन में स्वच्छता को उतारना होगा। इसकी शुरुआत अपने घर से ही करनी होगी। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल और पीआईयू टीम के सदस्य मौजूद रहे।

### छात्रों ने भी लिया स्वच्छता का संकल्प

वहीं, हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने हवामहल जोन में गणगौरी बाजार स्थित उषा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग कचरापात्र में रखने के संदेश दिया, साथ ही प्लास्टिक और पॉलिथीन के उपयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान स्कूल प्राचार्या कविता सैनी, निदेशक महेंद्र पारीक ने हेरिटेज निगम के अभियान की सराहना की। सभी छात्रों ने जयपुर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

**सतर्कता शाखा की कार्रवाई**

## अतिक्रमण हटाया, चार ट्रक सामान किया जब्त



बेधड़क | जयपुर

शहर में हो रहे अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को हेरिटेज निगम क्षेत्र में कार्रवाई की है। उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया के हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश के बाद सतर्कता शाखा ने यातायात पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए सिंधी केम्प के पास और आरपीए रोड से अस्थाई अतिक्रमण को हटा दिया। उपायुक्त राठौड़ ने बताया कि कार्रवाई के दौरान चार ट्रक सामान जब्त कर निगम के गोदाम में पहुंचाया। इसके साथ ही बाजार में व्यापारियों से समझाइश कर सड़क और बरामदों पर अतिक्रमण नहीं करने के निर्देश दिए। सतर्कता शाखा आगे भी अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करती रहेगी।

## जरूरी खबर

### मृत मिला पैंथर, वाहन की टक्कर से मौत की आशंका



**उदयपुर।** वन विभाग की टीम को मंगलवार सुबह नलाफला घोडासर रोड पर एक पैंथर के मृत मिलने की सूचना मिली। पैंथर के सिर एवं पीछे की तरफ वाहन से टक्कर चोट लगी हुई दिखी। जानकारी के अनुसार नर पैंथर के दाईं ओर पेट पर चोट के निशान व पिछले हिस्से में खून निकलने से वन विभाग की टीम ने प्रथम दृष्टया पैंथर की मौत किसी वाहन की टक्कर से होना बताया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

### बदमाशों ने मेडिकल स्टोर में लगाई आग

**सीकर।** नीम का थाना के सिरोही गांव में बाइक पर सवार होकर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने गांव में स्थित एक मेडिकल स्टोर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बदमाश जब यहां आए तो पहले बाहर बैठे कुत्ते को रोटी खिलाई और दुकान को आग के हवाले कर दिया। दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगाने से दुकान में रखी दवाइयां और जरूरी कागजात जल गए। दुकान मालिक रामनरेश यादव ने बताया कि आगवाड़ी रोड पर श्री श्याम मेडिकल स्टोर के नाम से उसकी मेडिकल की दुकान है। आग लगने के बाद सीसीटीवी कैमरे चेक करने पर पता चला कि बाइक पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने दुकान में पेट्रोल डालकर आग लगाई थी।

### 7 साल से फरार चल रहा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार



**बाड़मेर।** जिले की गुड़ामालानी थाना पुलिस की टीम ने 2936 किलो डोडा पोस्त की तस्करी के मामले में 7 साल से फरार चल रहे आरोपी ओमाराम बिश्नोई निवासी फिटकासनी थाना कुड़ी भगतासनी जिला जोधपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 2000 का इनाम घोषित किया हुआ था। एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि 12 सितंबर 2017 को गुड़ामालानी पुलिस की टीम ने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 2,936 किलो डोडा पोस्त जब्त किया था। इस मामले में वाहन मालिक ओमाराम विश्नोई घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। मंगलवार को नाकाबंदी के दौरान ओमाराम विश्नोई को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया है।


## खेलप्रेमियों के लिए खुशखबरी: 35 हजार दर्शकों के बैठने की होगी क्षमता, 12 तरह की पिच होंगी तैयार

# 300 करोड की लागत से बनेगा अन्तरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम

**बेधड़क** | भरतपुर

पूर्वी राजस्थान के क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। मुख्यमंत्री के गृह जिले भरतपुर में 300 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर राजस्थान का सबसे बेहतरीन क्रिकेट स्टेडियम तैयार होने जा रहा है।

35 हजार दर्शकों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में अलग-अलग देश की विशेषताओं वाली अलग-अलग मिट्टी की करीब एक दर्जन पिच भी तैयार की जाएंगी। स्टेडियम के तैयार होने के बाद न केवल पूर्वी राजस्थान ही नहीं,




बल्कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को भी बेहतरीन स्टेडियम मिल सकेगा। साथ ही यहां से अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। यह स्टेडियम भरतपुर के 42.21 बीघा क्षेत्र वाले एमएसजे कॉलेज ग्राउंड में तैयार किया जाएगा। आरएसआरडीसी ने इसका मास्टर प्लान तैयार कर जिला प्रशासन को भेज दिया है।

अब राज्य सरकार की स्वीकृति का इंतजार है। राज्य सरकार की स्वीकृति मिलने के बाद अन्तरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट मैदान बनने का रास्ता साफ हो जाएगा। इसको लेकर जिले के खेल प्रेमियों में भी खुशी की लहर है। साथ ही प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को निखारने में भी इस स्टेडियम का योगदान मिल सकेगा।

### जिला प्रशासन को सौंपा मास्टर प्लान

आरएसआरडीसी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों का क्रिकेट स्टेडियम तैयार करने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर जिला प्रशासन को दे दिया गया है। यह स्टेडियम एमएसजी कॉलेज ग्राउंड में तैयार किया जाएगा। राज्य सरकार से स्वीकृति के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम तैयार करने वाली कंपनियों को टेंडर प्रक्रिया के तहत इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

### पड़ोसी राज्यों को भी मिलेगा फायदा

वर्तमान में राजस्थान में एसएमएस स्टेडियम के अलावा कोई भी ऐसा बेहतरीन स्टेडियम नहीं है, जिसमें क्रिकेट खिलाड़ियों को तराशा जा सके और उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके। ऐसे में यदि भरतपुर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर यह स्टेडियम तैयार हो जाता है तो न केवल पूर्वी राजस्थान के खिलाड़ियों को, बल्कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के मथुरा, आगरा, अलीगढ़, हाथरस तक के खिलाड़ियों को सुविधा का लाभ मिल सकेगा।

### स्टेडियम में रहेगी खास सुविधाएं

- स्टेडियम में 35000 दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।
- स्टंप से चारों तरफ बाउंड्री की दूरी 75 मीटर होगी।
- स्टेडियम के बाहरी भाग में 180 दुकानों का निर्माण होगा, जिससे लोगों को रोजगार मिलेगा।
- अलग-अलग देश के हिसाब से अलग-अलग मिट्टी से करीब 12 पिच तैयार की जाएंगी।
- गुजरात के नरेंद्र मोदी स्टेडियम के जैसी उच्च गुणवत्ता वाली लाइट लगाई जाएंगी।
- इंडोर क्रिकेट प्रैक्टिस पिच, क्रिकेट एकेडमी, क्लब हाउस, स्विमिंग पूल आदि होंगे।

## दो गाड़ियों में भरकर आए थे बीस बदमाश, जमकर की तोड़फोड़

# खाने का पैसा मांगा तो बदमाशों ने की फायरिंग, दो लोग घायल

**बेधड़क** | धौलपुर

सैपऊ थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे-123 स्थित एक रेस्टोरेंट पर दो गाड़ियों में भरकर आए करीब 20 बदमाशों ने खाने के बाद पैसे मांगने पर तोड़फोड़ कर की और ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इसके चलते वहां मौजूद लोगों में दहशत फैल गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे और अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

बदमाशों ने रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की। इसी बीच बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में होटल संचालक का छोटा भाई और एक अन्य शख्स घायल हो गया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव और थाना प्रभारी गंभीर सिंह के द्वारा बदमाशों की धर पकड़ के लिए इलाके की नाकाबंदी कराई गई।

पुलिस द्वारा हाईवे टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की गाड़ियों के नंबर की जानकारी जुटाई जा रही है। घटना को लेकर का आनंद राव ने बताया दोनों घायलों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। बदमाशों की धर पकड़ के लिए इलाके में नाकाबंदी कराई गई है। वहीं उनके संभावित ठिकानों पर पुलिस दबिश दे रही है। रेस्टोरेंट संचालक ने बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि बदमाशों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



### पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना पुलिस के साथ थाना प्रभारी गंभीर सिंह और पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने रेस्टोरेंट पर मौजूद कर्मचारियों से पूरी घटना की जानकारी ली। हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए। हमलावर बसेड़ी के गांव नगला राय जीत के बताए गए हैं।

### घटना से लोगों में फैली दहशत

खाना खाने के बाद रेस्टोरेंट कर्मियों ने बदमाशों को खाने का बिल थमाया तो वे बिना पैसे दिए ही जाने लगे। इस पर कर्मचारियों से उनका पैसे को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद बदमाशों ने गाड़ियों से हॉकी स्टीक, लाठी-डंडे और अवैध हथियार निकाले और कर्मचारियों के साथ मारपीट और रेस्टोरेंट में तोड़फोड शुरू कर दी। इसके चलते वहां खाना खा रहे अन्य लोगों में दहशत फैल गई। बदमाशों की ओर से फायरिंग करने पर लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। बदमाशों ने रेस्टोरेट के शीशे, टेबल और कुसियों पर लाठियां बरसाते हुए उन्हें तोड़ दिया। इसके बाद जान से मारने की नियत से फायरिंग भी कर दी। इसकी चपेट में आने से खाना खा रहा एक शख्स और रेस्टोरेंट मालिक का भाई छर्रे लगने से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### बदमाशों ने की करीब 30 राउंड फायरिंग



रेस्टोरेंट संचालक बबलू परमार ने बताया कि नगला रायजीत निवासी युवकों के साथ दो गाड़ियों में करीब 20 लोग रेस्टोरेंट पर सोमवार रात 10 बजे खाने के लिए आए थे। खाना खाने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगे तो पैसे मांगने पर सभी बदमाशों ने गाड़ी में रखें हॉकी स्टिक और हथियार लहराते हुए रेस्टोरेंट में जमकर तोड़फोड़ की और जान से मारने की नियत से फायरिंग की। रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि इस दौरान बदमाशों ने करीब 30 राउंड फायरिंग की। फायरिंग के दौरान बबलू पुत्र शिवनारायण शर्मा और रम्भो पुत्र अजंट सिंह परमार के हाथ और पैर में छर्रा लगने से घायल हुए हैं। घायलों को सैपऊ कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। गंभीर हालत होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

## अधिकारी बता रहे तकनीकी खामी

# केवलादेव उद्यान की ऑनलाइन टिकट बुकिंग बंद, सैलानी परेशान

**बेधड़क** | भरतपुर

केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में सर्दियों का सीजन क्या खत्म हुआ, जिम्मेदारों ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग ही बंद कर दी। प्रदेश के सभी अभयारण्यों की ऑनलाइन बुकिंग चालू है, लेकिन घना की ऑनलाइन बुकिंग बीते कई सप्ताह से बंद पड़ी है। इसकी वजह से हर दिन दर्जनों देशी पर्यटक, विद्यार्थी और शोधार्थियों को सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है और अतिरिक्त शुल्क भी देना पड़ रहा है।

जिम्मेदारों का कहना है कि तकनीकी खामी की वजह से ऑनलाइन बुकिंग सुविधा बंद है, जिसे जल्द शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में यदि कोई पर्यटक घूमने आता है, तो उसके लिए विभाग की ओर से बुकिंग खिड़की और ऑनलाइन माध्यम से टिकट बुक करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा से पर्यटकों का समय बचता है और पैसा भी कम लगता है। यदि बुकिंग खिड़की से टिकट बनवाया जाता है, तो देशी पर्यटक को 6 रुपए और विदेशी पर्यटक को 21 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना पड़ता है, जो कि सीधे बुकिंग खिड़की वाले ई-मित्र संचालक के खाते में जाता है। टिकट खिड़की खुलने का समय गर्मियों में सुबह 6 बजे का निर्धारित है, लेकिन कई बार ई-मित्र संचालक समय से नहीं पहुंचता और पर्यटकों को इंतजार करना पड़ता है।



### सर्वर में खामी से हो रही परेशानी

इस संबंध में जब डीएफओ मानस सिंह ने बताया कि डीओआरटी के सर्वर में करीब एक सप्ताह से खामियां चल रही हैं, जिससे ऑनलाइन टिकट बुकिंग में परेशानी आ रही है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को लिखकर दे दिया है। ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा जल्द शुरू हो जाएगी। पहले भी समस्या हुई थी लेकिन बीच में सही हो गई। उसमें कभी कभी दिक्कत आ जाती है, लेकिन ऐसा नहीं है कि लगातार नहीं चलता। मुख्यालय स्तर पर इसको लेकर बातचीत चल रही है कि इसको पूर्ण रूप से सुधारा जाए।

## स्वास्थ्य विभाग में एसीबी की कार्रवाई

# ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**बेधड़क** | श्रीगंगानगर

अनूपगढ़ जिले की घड़साना मंडी में स्वास्थ्य विभाग में एसीबी ने कार्रवाई करते हुए ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अजय सोनी को 10 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर ने संविदाकर्मी को ड्यूटी पर लगाने की एवज में रिश्वत की मांग की थी। सविंदाकर्मी की ओर से इसकी शिकायत एसीबी को की गई थी। एसीबी ने मंगलवार को सुबह करीब 11 बजे ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर को परिवादी से 10



हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई घडसाना के ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में की गई। एसीबी के डीएसपी वेद प्रकाश लखोटिया ने बताया कि कुछ दिन पहले उन्हें शिकायत मिली थी कि घडसाना के मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अजय सोनी सविंदाकर्मी को ड्यूटी पर लगाने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। सत्यापन के दौरान शिकायत सही पाई गई। इसके बाद मंगलवार को परिवादी को 10 हजार रुपए देकर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अजय सोनी के पास भेजा गया। परिवादी से सोनी ने जैसे ही 10 हजार रुपए लिए तो एसीबी टीम ने उसे दबोच लिया।

## पानी किल्लत को लेकर प्रदर्शन कर रही महिलाएं बोली

# टैंक वाले वसूल रहे रहे हजार से पंद्रह सौ रुपए

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के ग्रामीण इलाकों में गर्मियों के समय पेयजल किल्लत सामने आने लगी है। पानी की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने से नाराज महिलाओं ने मंगलवार को रास्ता रोककर प्रदर्शन किया। इस दौरान वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं राहगीरों से भी कुछ महिलाएं उलझ गईं।

जोधपुर शहर में ग्रामीण इलाकों में गर्मियों के समय पेयजल किल्लत सामने आने लगी है। सांगरिया से सालावास जाने वाली मुख्य रोड को महिलाओं ने जाम कर दिया। महिलाओं का कहना है



की गांव में पानी की सप्लाई सुचारु नहीं होने से परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। उन्होंने बताया कि कई जगहों पर अवैध कनेक्शन हैं। यहां ग्रामीणों के हिस्से का पानी चोरी कर ग्रामीणों को ही एक हजार से 1500 रुपए प्रति टैंकर बेचा जा रहा है। महिलाओं ने कहा कि गांव में कई जगह पर अवैध कनेक्शन भी हैं, जिसकी वजह से उनके हिस्से का पानी गांव तक नहीं पहुंच पाता है। ऐसे कनेक्शन पर जलदाय विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों के हक का पानी टैंकरों में भरकर बेचा जा रहा है।

कई बार अवगत करवाने के बावजूद जलदाय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं खुल रही है। जबकि गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत होने की वजह से टैंकरों के माध्यम से पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। मीठे पानी के एक टैंकर के 1000 से 1500 रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। इसके बावजूद जलदाय विभाग ध्यान नहीं दे रहा हैं।

## दो आरोपी गिरफ्तार

# पत्नी को भगा ले जाने का लिया बदला, युवक की हत्या

**बेधड़क** | कोटा

शहर की विज्ञान नगर थाना पुलिस की टीम ने डिलीवरी बॉय भगवान मीणा की डंडों से पीट कर निर्मम हत्या करने के मामले में गांव डोबड़ा थाना बपावर कला निवासी दो मुख्य आरोपी योगेश मीणा (25) और उसके साथी नवीन उर्फ बिट्टू मीणा (23) को गिरफ्तार किया है।

वारदात में शामिल एक अन्य आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 22 अप्रैल को हाडौती अस्पताल के पास झाड़ियोन में गांव डोबड़ा थाना बपावर कला निवासी भगवान मीना घायल अवस्था में मिला था। उसे एमबीएस हॉस्पिटल पहुंचाने पर डॉक्टर ने मृत घोषित



कर दिया था। पुलिस में जब सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें भगवान मीना दौड़ता हुआ नजर आया। उसके पीछे दो बाइक पर आए बदमाशों ने डंडे से पीट-पीट कर हत्या करना सामने आया। सीसीटीवी में दिख रहे बदमाशों की पहचान मृतक भगवान मीणा के भाई लक्ष्मीनाथ ने उनके गांव के ही योगेश मीणा, कौशल मीणा व विकास मीणा के रूप में की। इसकी रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पूछताछ में सामने आया कि वारदात से कुछ समय पहले भगवान मीना आरोपी योगेश मीणा की पत्नी को भगाकर ले गया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच रंजिश चली आ रही थी।

### यूं गिरफ्त में आए आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएचओ विज्ञान नगर सतीश चंद्र के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा अभियुक्तों की पहचान के बाद तकनीकी अनुसंधान आधार पर आरोपी योगेश मीणा को रेलवे स्टेशन कोटा से 24 अप्रैल को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा, मृतक भगवान की बाइक व आरोपी के पहने हुए कपड़े जब्त किए। ईदगाह बस स्टैंड आगरा से आरोपी नवीन उर्फ बिट्टू को डिटेन कर मंगलवार को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी पुलिस अभिरक्षा में हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### रैकी के बाद यूं दिया वारदात को अजाम

रंजिश के चलते आरोपी योगेश मीणा ने अपने बचपन के दोस्त नवीन मीणा उर्फ बिट्टू से संपर्क कर हत्या की साजिश रची। इसके लिए आरोपी 15 दिनों से भगवान मीणा के कार्य स्थल की लगातार रैकी कर रहे थे। मृतक भगवान मीणा स्वैगी में डिलीवरी बॉय था। घटना के रोज 22 अप्रैल को योगेश मीणा ने दोस्त नवीन मीणा व एक अन्य दोस्त को साथ में लिया। तीनों आरोपी भगवान मीणा के कार्य स्थल आनंद शेखावटी ढाबा पहुंचे। जब भगवान ऑर्डर डिलीवरी के लिए लेकर निकला तो पीछा करते हुए एक सुनसान स्थान पर तीनों ने उसे रोक लिया। तीनों को एक साथ देख भगवान अपनी बाइक वहीं छोड़कर भागने लगा। इस पर नवीन उर्फ बिट्टू ने एक राहगीर बाइक चालक को चाकू दिखाकर लिफ्ट ली और हाडौती हॉस्पिटल के पास भगवान मीणा को पकड़ लिया। थोड़ी देर में योगेश मीणा व उसका दोस्त वहां पर आ गए और फिर तीनों ने डंडे से उसके सिर पर वार का निर्मम हत्या कर दी।

## चाकसू में बूढ़ा बास्योड़ा का मेला आज

# माता को आज लगेगा ठंडे पकवानों का भोग

**बेधड़क** | चाकसू

कस्बा में वैशाख कृष्ण अष्टमी पर बुधवार को बूढा बास्योड़ा पर्व परंपरागत उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर चाकसू के शील की डूंगरी स्थित मंदिर में बूढा बास्योड़ा का मेला भरेगा। इसे छोटे मेले के नाम से भी जाना जाता हैं।

बूढ़ा बस्योड़ा की पूर्व संध्या पर मंगलवार को सभी घरों में रोटी-राबड़ी, पुआ-पकौड़ी सहित कई तरीके पकवान बनाए गए, जिनका बुधवार को शीतला माता को भोग लगाया जाएगा। अलसुबह ही महिलाएं मातारानी के गीत गाते हुए मंदिर पहुंचेगी और शीतला माता की पूजा-अर्चना करेंगी। आचार्य पं. जगदीश शर्मा ने बताया कि



चैत्र कृष्ण अष्टमी के एक महीने बाद वैशाख कृष्ण अष्टमी को बूढ़ा बास्योड़ा मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं शीतला माता का पूजन कर कथा सुनेंगी और शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग अर्पित किया जाएगा। इस मौके पर शीलकी डूंगरी पर शीतला माता मंदिर पर मेले का आयोजन होगा। पहाड़ी पर स्थित मंदिर में विराजमान शीतला माता की चौखट पर मत्था टेककर भक्त मनौतियां मांगेंगे।

## Yuva स्टोरीज



# शिक्षा समाज के लिए सबसे बड़ा दान: धनखड़

**जयपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा को समाज के लिए सबसे बड़ा दान बताते हुए मंगलवार को कहा कि यह बदलाव का सबसे प्रभावी साधन है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभिभावकों को बच्चों पर अपनी इच्छाएं थोपना नहीं चाहिए, बल्कि उन्हें नदी की तरह अपना रास्ता खुद बनाने देना चाहिए। धनखड़ यहां एक निजी विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि शिक्षा का दान समाज के लिए सबसे बड़ा दान है। उन्होंने कहा,'सबसे बड़ा धन क्या है? सबसे बड़ा धन ज्ञान है। और सबसे बड़ा दान क्या है? शिक्षा है।' धनखड़ ने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है, क्योंकि हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं, जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया। इससे पूर्व एयरपोर्ट पर राज्यपाल कलराज मिश्र उपराष्ट्रपति की अगवानी की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने भारत की बढ़ती आर्थिक क्षमता पर चर्चा की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी एवं राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी और एक मीडिया समूह के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी भी मौजूद थे।

# लक्ष्य व अलीशा बने स्कूल के हेड बॉय और हेड गर्ल



**जयपुर।** जहां एक ओर इन्वेस्टिचर सेरेमनी में नए काउंसिल सदस्यों का स्वागत कर स्कूल के अन्य विद्यार्थियों से उनका परिचय कराया गया, तो वहीं पुराने लीडर्स को विदाई दी गई। यह मौका था जयश्री पेरिवाल इंटरनेशनल स्कूल के अहम इन्वेस्टिचर सेरेमनी के आयोजन का। समारोह में जो स्कूल की परंपरा का एक हिस्सा है, लक्ष्य माहेश्वरी को हेड बॉय और अलीशा गैंग को हेड गर्ल की महत्वपूर्ण भूमिका सौंपी गई। चेयरपर्सन डॉ. जयश्री पेरीवाल ने एक लीडर को तैयार करने में माता-पिता, शिक्षकों और साथियों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाओं पर जोर दिया।

## कनाडा में अध्ययन: भारतीय छात्रों के लिए निकले नए सरकारी आदेश

# सप्ताह में सिर्फ 24 घंटे कर सकेंगे काम

### प्रति सप्ताह 20 घंटे से अधिक परिसर से बाहर काम करने की अनुमति वाला नियम हटा

बेधड़क । नई दिल्ली

कनाडा में मंगलवार से लागू होने वाले एक नए नियम के तहत वहां भारत सहित अंतरराष्ट्रीय छात्र सितंबर से प्रति सप्ताह केवल 24 घंटे तक कैंपस से बाहर काम कर सकेंगे। आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने एक प्रेस में कहा, "छात्रों को कैंपस से बाहर प्रति सप्ताह 20 घंटे से अधिक काम करने की अनुमति देने वाली अस्थाई नीति 30 अप्रैल, 2024 को समाप्त हो जाएगी और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।"

सरकार की ओर से सोमवार को विज्ञप्ति जारी की गई। मिलर ने कहा, "इस गिरावट में, हम छात्रों द्वारा प्रति सप्ताह कैंपस से बाहर काम करने की संख्या को 24 घंटे तक बदलने का इरादा रखते हैं," उन्होंने कहा, क्योंकि कनाडाई सरकार देश भर में अंतरराष्ट्रीय छात्र नामांकन में वृद्धि पर रोक लगा रही है। प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश में श्रम की कमी को कम करने के लिए सीओवीआईडी -19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए काम के घंटों पर 20 घंटे की सीमा को अस्थायी रूप से माफ कर दिया। सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, वह छूट मंगलवार को समाप्त हो रही है।





### छात्रों का ध्यान इससे पढ़ाई पर रहेगा

मिलर ने कहा कि छात्रों को प्रति सप्ताह 24 घंटे तक काम करने की अनुमति देने से यह सुनिश्चित होगा कि वे मुख्य रूप से अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करेंगे। साथ ही यदि आवश्यक हो तो काम करने का विकल्प भी उनके पास रहेगा। उन्होंने कहा, "कैंपस से बाहर काम करने से अंतरराष्ट्रीय छात्रों को कार्य अनुभव प्राप्त करने और उनके कुछ खर्चों की भरपाई करने में मदद मिलती है। जैसे ही अंतरराष्ट्रीय छात्र कनाडा पहुंचते हैं, हम चाहते हैं कि वे यहां जीवन के लिए तैयार रहें और सफल होने के लिए उन्हें आवश्यक समर्थन मिले। हालांकि, सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि छात्र के रूप में कनाडा आने वाले लोगों को यहां अध्ययन करने के लिए आना चाहिए, काम करने के लिए नहीं। मिलर ने कहा कि हम अपने छात्र कार्यक्रम की अखंडता की रक्षा के लिए काम करना जारी रखेंगे, "उन्होंने कहा। अमेरिका और कनाडा में किए गए हाल के अध्ययनों से पता चला है कि प्रति सप्ताह 28 घंटे से अधिक काम करने वाले छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन में काफी गिरावट आई है, और प्रति सप्ताह 24 घंटे से अधिक काम करने से यह संभावना बढ़ जाती है कि एक छात्र अपने कार्यक्रम से बाहर हो जाएगा।, प्रेस विज्ञप्ति में रेखांकित किया गया।

### ऑस्ट्रेलिया में 2 सप्ताह में 48 घंटे काम की अनुमति

अधिकांश देश जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों का स्वागत करते हैं, वे पढ़ाई के दौरान उनके काम करने के घंटों की सीमा निर्धारित करते हैं। ऑस्ट्रेलिया ने हाल ही में एक छात्र को हर 2 सप्ताह में 48 घंटे काम करने की अनुमति देने के लिए अपनी नीति में बदलाव किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमेरिका में, छात्रों को कैंपस से बाहर काम करने की अनुमति देने से पहले अतिरिक्त मानदंडों को पूरा करना होगा।

### दिसंबर 23 में रहने की लागत सीमा भी बढ़ा दी

दिसंबर 2023 में, कनाडाई सरकार ने रहने की लागत की सीमा बढ़ा दी, जिसे छात्रों को अध्ययन परमिट के लिए अनुमोदित होने के लिए पूरा करना होगा, ताकि वे कनाडा में जीवन के लिए आर्थिक रूप से तैयार हों और काम करने पर निर्भर न हों। अंतरराष्ट्रीय छात्र जो 15 मई, 2024 को या उसके बाद सार्वजनिक-निजी पाठ्यक्रम लाइसेंसिंग व्यवस्था के माध्यम से वितरित कॉलेज कार्यक्रम शुरू करते हैं, वे स्नातक होने पर पोस्ट-ग्रेजुएशन वर्क परमिट के लिए पात्र नहीं होंगे।

### 2022 में 3,19,130 भारतीय छात्र थे

कनाडा भारतीय छात्रों के लिए सबसे अधिक मांग वाले देशों में से एक है। कैनेडियन ब्यूरो फॉर इंटरनेशनल एजुकेशन (सीबीआईई) की 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा में 3,19,130 भारतीय छात्र थे। कनाडा में स्थित कॉलेजों और विश्वविद्यालयों दोनों में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के बीच अधिकांश सीटों पर भारतीयों का कब्जा है। मिलर ने कहा कि जो छात्र कनाडा आते हैं, उन्हें अध्ययन के लिए यहां अवश्य आना चाहिए।

## सीडलिंग स्कूल की छात्र परिषद का शपथ ग्रहण

# दृढ़ संकल्प, समर्पण, कर्तव्य निष्ठा के साथ बढ़ें आगे: डॉ. संदीप बक्षी

बेधड़क । जयपुर

सीडलिंग स्कूल में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नव निर्वाचित दो छात्र-परिषदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। सीडलिंग विद्यालय समूह के कार्यकारी निदेशक डॉ. संदीप बक्शी ने नव निर्वाचित छात्र परिषद् के सदस्यों को आशीर्वचन देते हुए दृढ़ संकल्प, समर्पण, कर्तव्य निष्ठा व नेतृत्व के अग्निपथ पर निरशंक आगे बढ़ने व नित नूतन कीर्तिमान स्थापित करने को कहा। निदेशक डॉ. प्रीति बक्शी ने नव निर्वाचित छात्र परिषद् के सभी सदस्यों को अपने उत्तरदायित्व निष्ठापूर्वक निर्वाह करने की शपथ दिलवाई।



इन्होंने ली शपथ

सीडलिंग इन्टरनेशनल एकेडमी की छात्रा प्रमुख राफिया खान, किशिका जैन तथा सीडलिंग पब्लिक स्कूल के छात्र प्रमुख दिव्यांश सिंह व छात्रा प्रमुख इशिता शर्मा को विद्यालय ध्वज सौंपते हुए छात्र-परिषद् का नेतृत्व करने का उत्तरदायित्व सौंपा। वेदांश फरसोइया, हरलीन राजानी व अनुशी सरकार ने जूनियर कांउसिल का कार्यभार संभाला। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडलिंग विद्यालय समूह के कार्यकारी निदेशक डॉ. संदीप बक्शी व विद्यालय निदेशक डॉ. प्रीति बक्शी व आकांक्षा बक्शी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सीडलिंग पब्लिक विद्यालय एवं सीडलिंग इन्टरनेशनल एकेडमी के चारों सदनों के छात्रों को तिलक व बैज लगाकर सम्मानित किया।

## पोदार जंबो किड्स ने बनाया रिकॉर्ड



**जयपुर।** पोदार जंबो किड्स ने बहुसांस्कृतिक गतिविधियों के प्रदर्शन में अधिकतम किंडरगार्टन छात्रों का रिकॉर्ड बनाया है। दरअसल, पोदार एजुकेशन ने ऐलान करते हुए बताया कि जहां पोदार जंबो किड्स ने बहुसांस्कृतिक गतिविधियां करने वाले किंडरगार्टन छात्रों की अधिकतम संख्या का रिकॉर्ड बनाया है।

### इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज

विश्व विरासत दिवस मनाने के लिए 28 अप्रैल 2024 को आयोजित किए गए ग्रैंड फिनाले में 2 से 6 वर्ष की आयु के कुल 665 छात्रों ने विभिन्न बहुसांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया। मुंबई, जयपुर, वडोदरा, अंकलेश्वर, भरूच, भोपाल, वापी और दमन में स्थित पोदार जंबो किड्स की कई शाखाओं में छोटे बच्चों ने रिकॉर्ड बनाया, जिसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्रमाणित किया गया है। यह आयोजन न केवल बहुसांस्कृतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालता है बल्कि हमारे देश के भावी लीडर्स के बीच एकता और सम्मान को भी बढ़ावा देता है। यह आयोजन जबरदस्त सफल रहा, इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए जिन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत के लिए अपना समर्थन दिया और सराहना की।

**पेंटिंग प्रदर्शनी** | आईआईएस यूनिवर्सिटी में नेशनल कैंप कलाभ्य: के समापन पर लगाई प्रदर्शनी

# कैनवास पर उकेरा अयोध्या में विराजे रामलला का मनमोहक रूप-लावण्य

■ देश भर के 25 नामी आर्टिस्ट्स की बनाई 60 से अधिक पेंटिंग्स हुई डिसप्ले

### प्रदर्शनी कला के स्टूडेंट्स के लिए बारीकी सीखने व समझने के लिए कंप्लीट इंस्टीट्यूट

बेधड़क । जयपुर

आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) मानसरोवर, जयपुर के स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स डिपार्टमेंट की ओर से चल रहे छह दिवसीय नेशनल कैंप कलाभ्य: के समापन पर प्रदर्शनी में देश भर के 25 नामी चितेरों की पेंटिंग डिसप्ले की गईं।

यह तमाम पेंटिंग्स मुसिव्वरों ने नेशनल कैंप के दरम्यान ही बनाईं।

प्रदर्शनी का उद्घाटन यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने किया। इस मौके पर वाइस चांसलर डॉ.टीएन माथुर, रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता, एडवाइजर केएस शर्मा, आर्ट्स एंड साइंस की डीन डॉ. ईला जोशी मौजूद रहीं।



### प्रदर्शनी स्टूडेंट्स के लिए कंप्लीट इंस्टीट्यूट

इस अवसर पर चांसलर गुप्ता ने कहा कि यह प्रदर्शनी कला के स्टूडेंट्स के लिए कला की बारीकी सीखने व समझने के लिए कंप्लीट इंस्टीट्यूट है। उन्होंने कहा कि देश के नामी कलाकारों के इन पेंटिंग्स में कलरटोंस के बेहतरीन संयोजन और विविधताओं के साथ सब्जेक्ट्स को पूरी शिद्दत से उकेरा गया है जो बेहद चित्ताकर्षक हैं। कला के उत्साहित छात्रों ने भी देश के इन नामी कलाकारों के पेंटिंग्स को करीब से देखा और उनसे रंग संयोजन और टेक्निक के इस्तेमाल करने का सबक सीखा।

### रचनात्मकता और प्रयोगधर्मिता का बेहतरीन संयोजन

प्रदर्शनी में अयोध्या के रामलला, ऋषि-मुनियों का तप, पहाड़ों का लालित्यपूर्ण सौन्दर्य, खूबसूरत लैंडस्केप, सिंबोलिक गणेश, राधा-कृष्ण का रूप-लावण्य और चन्द्रमा की कलाओं को दर्शाती पेंटिंग्स प्रदर्शित की गई है। प्रदर्शनी में विभिन्न मीडियम्स में एब्सट्रैक्ट, सेमी एब्सट्रैक्ट, रियलिस्टिक पेंटिंग्स में विषय की रचनात्मकता के साथ प्रयोगधर्मिता का बेहतरीन संयोजन देखने को मिला। दमदार ब्रशस्ट्रोक्स के साथ उम्दा कलरटोंस और टेक्निक तमाम पेंटिंग्स में विषयवस्तु के तादात्म्य भाव को दर्शाती है। कोलकाता के आर्टिस्ट सुकांता दास सेएक्रेलिक कलरटोंस में सच्चिदानंद, परशुराम, भगवान विष्णु और भगवान श्रीकृष्ण फिगरेटिव पेंटिंग बनाई है।

### पुराने गढ़ों की बनाई पेंटिंग्स



लखनऊ से उमेन्द्र प्रताप सिंह ने विरासत सीरीज में पुराने किले, गढ़ और भव्य महलों को उकेरा है जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ती है। उदयपुर के शैल चोयल ने एन इवनिंग शीर्षक से पेंटिंग्स में श्रीकृष्ण के श्याम रंग का इस्तेमाल किया है, जो सुकून देता है। इसी प्रकार जयपुर के नामी वरिष्ठ चितेरे समदर सिंह खंगारोत सागर ने चन्द्रमा की कलाओं में गत्यात्मक घोड़ों की वेग मुद्रा, वरिष्ठ चितेरे विद्यासागर उपाध्याय ने कॉस्मॉस और दिमाग के बीच बैलेंस और सामंजस्य दर्शाकर मुतास्सिर किया है। वहीं जयपुर के ही आर्टिस्ट गौरीशंकर सोनी ने कैनवस पर आध्यात्मिक और अनकही कहानियों का खूबसूरत ताना-बाना बुना है।

### इन आर्टिस्ट्स ने लिया हिस्सा

नेशनल कैंप कलाभ्य: में हैदराबाद से अंजनि रेड्डी, नई दिल्ली से अनूप कुमार चंद व तपन दास, भुवनेश्वर से मानस रंजन जेना, वाराणसी से प्रनम सिंह, कोलकाता से सुकांता दास, लखनऊ से उमेन्द्र प्रताप सिंह, जम्मू से केके गांधी समेत जयपुर से वरिष्ठ चितेरे विद्यासागर उपाध्याय, समदर सिंह खंगारोत सागर व गौरीशंकर शर्मा और अब्बास बाटलीवाला व ललित शर्मा, शैल चोयल (सभी उदयपुर) के अलावा आईआईएसयू से श्वेत गोयल, उज्ज्वला एम.तिवारी, डिंपल दलाल, गिरिराज शर्मा, एकता शर्मा, ज्योति जालान, मनिका शर्मा, शीतल चितलांगिया, वागिश शर्मा, विनोद नागर शामिल हैं।

# एक प्रतिबद्ध जन कलाकार थे बलराज साहनी




ज़ाहिद खान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

अपनी नौजवानी के ही दिनों में बलराज साहनी ने 'प्रगतिशील लेखक संघ' और 'भारतीय जन नाट्य संघ' (इप्टा) दोनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना शुरू कर दिया था। उन्होंने इप्टा में अवैतनिक पूर्णकालिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया। इस जन संगठन में बलराज साहनी की इब्तिदा ड्रामे के डायरेक्शन से ही हुई। ख्वाजा अहमद अब्बास ने जब अपने नाटक 'जुबैदा' के डायरेक्शन की जिम्मेदारी इप्टा में नये-नये आए बलराज साहनी को सौंपी, तो सभी को एक दम तअज्जुब हुआ। अब्बास ने पहली ही नजर में उनकी काबिलियत को पहचान लिया था।

बहरहाल, बलराज साहनी ने भी उन्हें निराश नहीं किया। नाटक बेहद कामयाब हुआ। 'जुबैदा' की कामयाबी के साथ वे इप्टा के अहमतरीन मेंबर हो गए। 'जुबैदा' में डायरेक्शन के साथ-साथ बलराज साहनी ने उसमें अदाकारी भी की। इस ड्रामे में जो रोल उन्होंने किया, उसे पहले चेतन आनंद निभाने वाले थे, लेकिन ऐन वक्त पर उनकी तबीयत खराब होने की वजह से मजबूरी में उन्हें यह रोल करना पड़ा। बलराज साहनी के अलावा इस ड्रामे में देव आनंद, भीष्म साहनी, अजरा मुमताज, रशीद खान और ख्वाजा अहमद अब्बास ने भी भूमिका निभाई थी। यह वह दौर था, जब इप्टा से देश भर के बड़े-बड़े कलाकार, लेखक, निर्देशक और संस्कृतिकर्मी आदि जुड़े हुए थे। इप्टा आंदोलन पूरे भारत में फैल चुका था। राजनीतिक-सामाजिक प्रतिबद्धता से परिपूर्ण इस नाट्य आंदोलन का एक ही मकसद था, मुल्क की आजादी। बलराज साहनी ने अपने-आप को जैसे पूरी तरह से इसके लिए झौंक दिया। एक समय ऐसा भी आया, जब बलराज साहनी इप्टा में नेतृत्वकारी भूमिका में आए। इप्टा मुंबई ब्रांच के महासचिव की जिम्मेदारी उन्हें मिली। इस जिम्मेदारी को उन्होंने पूरी गंभीरता से निभाया। बलराज साहनी ने नये-नये लोगों को इप्टा और उसकी विचारधारा से जोड़ा। लोक शाइर अण्णा भाऊ साठे, पवाड़ा गायक गावणकर और अमर शेख आदि उन्हीं की खोज थे। बलराज साहनी ने ना सिर्फ़ इन सब की प्रतिभा पहचानी, बल्कि उन्हें इप्टा में एक नया मंच भी प्रदान किया। वैचारिक तौर पर उन्हें प्रशिक्षित किया।

### 1 मई, अदाकार बलराज साहनी का जयंती



> "बंटवारे के दौरान हुए साम्प्रदायिक दंगों में साहनी जान की परवाह किए बिना दंगाग्रस्त इलाके गए। उन्होंने वहां हिंदू-मुस्लिम दोनों कौमों के बीच शांति और सद्भावना कायम करने का अहमतरीन काम किया।"

बलराज साहनी ने इप्टा में अभिनय-निर्देशन के साथ-साथ 'जादू की कुर्सी', 'क्या यह सच है बापू?' जैसे ड्रामे भी लिखे। 'जादू की कुर्सी' राजनीतिक व्यंग्य था, जिसमें आजाद भारत की पहली सरकार की नीतियों का मजाक उड़ाया गया था। नाटक, उम्मीद से कहीं ज्यादा कामयाब हुआ। अलबत्ता बाद में बलराज साहनी को अपने इस नाटक के लिए अफसोस भी हुआ। अपनी किताब 'बलराज साहनी पर बलराज साहनीः एक आत्मकथा' में उन्होंने यह बात खुले दिल से तस्लीम की है, 'मैं विचार से भी बहुत शर्मिंदा महसूस करता हूं कि मुझ जैसे मामूली आदमी ने नेहरू जैसे महान विद्वान का मजाक उड़ाने की जुर्रत की थी!' अपनी सियासी सरगर्मियों और वामपंथी विचारधारा के चलते बलराज साहनी को कई मर्तबा जेल जाना पड़ा। लेकिन उन्होंने अपनी विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया। हालांकि वे कम्युनिस्ट पार्टी के कार्डधारक मेंबर नहीं थे, लेकिन कम्युनिस्ट लीडर पीसी जोशी की नजर में बलराज साहनी अपनी जिंदगी के आखिर तक'एक अपरिभाषित किस्म के' कम्युनिस्ट बने रहे। इप्टा ने जब अपनी पहली फिल्म 'धरती के लाल' बनाने का फैसला किया, तो बलराज साहनी को उसमें मुख्य भूमिका के लिए चुना गया। इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ उन्होंने सहायक निर्देशक की जिम्मेदारी भी संभाली। 'धरती के लाल', साल 1943 में बंगाल के अंदर पड़े भयंकर अकाल के पस-मंजर पर थी। ख्वाजा अहमद अब्बास द्वारा निर्देशित इस फिल्म में बलराज साहनी ने किसान की भूमिका निभाई। जीनियस डायरेक्टर बिमल रॉय की 'दो बीघा जमीन', बलराज साहनी की एक और मील का पत्थर फिल्म थी। 'धरती के लाल' में 'निरंजन' और 'दो बीघा जमीन' फिल्म में 'शंभु महतो' के किरदार में उन्होंने जैसे अपनी पूरी जान ही फूंक दी थी। दोनों ही फिल्मों में किसानों की समस्याओं, उनके शोषण और उत्पीड़न के सवालों को बड़े ही संवेदनशीलता और ईमानदारी से उठाया गया था। ये फिल्में हमारे ग्रामीण समाज की ज्वलंत तस्वीरें हैं। इन फिल्मों में शानदार अदाकारी के बावजूद बलराज साहनी को भले ही कोई पुरस्कार नहीं मिला, लेकिन 'दो बीघा जमीन' को साल 1954 में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पहला फिल्मफेयर पुरस्कार के अलावा पहले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से भी नवाजा गया। 'धरती के लाल', 'दो बीघा जमीन' हो या फिर 'गरम हवा' बलराज साहनी अपनी इन फिल्मों में इसलिए कमाल कर सके कि उनकी वैचारिक प्रतिबद्धता इन किरदारों के जानिब थी। वे दिल से इनके साथ जुड़ गए थे। इस हद तक कि कोलकाता की सड़कों पर उन्होंने खुद हाथ रिक्शा चलाया।

आजादी के बाद एक वक्त ऐसा भी आया, जब इप्टा की गतिविधियों में कुछ शिथिलता आई। वैचारिक मतभेद गहराए। ऐसे माहौल में बलराज साहनी थोड़े अरसे तक इप्टा से दूर रहे, मगर नाटक से उन्होंने नाता नहीं तोड़ा। अपने कुछ दोस्तों के साथ बलराज साहनी ने एक अव्यावसायिक ड्रामा ग्रुप 'जुहू आर्ट थियेटर' बनाया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस विशेष

# मजदूर मानवतावादी दृष्टिकोण के हकदार



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> "हां यह सही है कि सरकार ने कृषि-श्रमिकों आर्थिक एवं सामाजिक दशाओं में सुधार के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम गढ़ा है, लेकिन इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन न होने से श्रमिकों की दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। बेहतर होगा कि सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे तथा साथ ही श्रमिकों के कार्यो के घंटों का नियमन करे।"

आज विश्व श्रमिक दिवस है। यह दिवस श्रम के अधिकारों के बारे में जागरुकता प्रसारित करने और उपलब्धियों को संदर्भित करने के लिए मनाया जाता है। श्रमिक दिवस का उद्देश्य संपूर्ण विश्व में सामाजिक-आर्थिक अधिकारों को प्राप्त करना है जिससे विश्व समाज मानवीय बन सके। लेकिन यह चिंताजनक है कि तमाम वैश्विक प्रयासों के बावजूद भी श्रमिक वर्ग बदहाली के दलदल से बाहर नहीं निकल पा रहा है। आर्थिक बदहाली का दंश झेलने के साथ ही अपने अधिकारों से भी वंचित है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के मुताबिक विकासशील देशों में 70 करोड़ से अधिक श्रमिक गरीबी का दंश झेलने को मजबूर हैं। यह वर्ग प्रतिदिन 3.50 डॉलर प्रति व्यक्ति की आय से खुद को उपर नहीं उठा पा रहा है। विकास और प्रगति की दर बेहद धीमी और निराशाजनक है।

सच कहें तो विकासशील देश बढ़ते श्रम बल के साथ श्रमिकों को बेहतर जीवन देने में नाकाम हैं। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष के जरिए रेखांकित हो चुका है कि दुनिया भर में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है लेकिन उस अनुपात में श्रमिकों की दशा में सुधार नहीं हुआ है। भारत के संदर्भ में बात करें तो यहां श्रमबल जनसंख्या तकरीबन 460 मिलियन है। इसमें 430 मिलियन कामगार असंगठित क्षेत्र की विषम परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का तकरीबन 65 प्रतिशत असंगठित क्षेत्र के कामगारों से प्राप्त होता है। इनमें भी असंगठित क्षेत्र का लगभग 48.5 प्रतिशत महिला कामगारों का है। विचार करें तो महिलाओं पर उत्पादन कार्य और प्रजनन का दोहरा बोझ है। इन महिला श्रमिकों का जीवन बदतर और बदहाल है। जबकि आजादी के बाद से ही देश की सरकारें कल्याणकारी योजनाओं और सुधारवादी कानूनों के जरिए कृषि श्रमिकों, बाल श्रमिकों, महिला श्रमिकों एवं संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने में जुटी हैं।





कृषि-श्रमिकों की बात करें तो यह वर्ग भारतीय समाज का सबसे दुर्बल अंग बन चुका है। यह वर्ग आर्थिक दृष्टि से अति निर्धन तथा सामाजिक दृष्टि से अत्यंत शोषित है। इस वर्ग की आय बहुत कम है। यह वर्ग गरीबी रेखा के नीचे जीवन गुजारने को अभिशप्त हैं। अधिकांश कृषि-श्रमिक भूमिहीन तथा पिछड़ी, अनुसूचित जाति एवं जनजातियों से हैं। इनके बिखरे हुए एवं असंगठित होने के कारण किसी भी राज्य में इनके सशक्त संगठन नहीं है जो इनके अधिकारों की रक्षा कर सके। नतीजा उनकी समस्याएं दिनों दिन सघन हो रही हैं।

देश में कृषि मजदूरों की संख्या में हर वर्ष इजाफा हो रहा है। यह स्थिति तब है जब कृषि-श्रमिकों के कल्याण के लिए देश में रोजगार के विभिन्न कार्यक्रम मसलन 'अंत्योदय अन्न कार्यक्रम', 'काम के बदले अनाज', 'न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम', 'जवाहर रोजगार योजना,' 'रोजगार आश्वासन योजना' एवं 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण गारंटी योजना' जैसी कई योजनाएं चलायी जा रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह कि कृषि करने वाले किसान ही कृषि-श्रमिक बन रहे हैं। दरअसल प्रकृति पर आधारित कृषि, देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ एवं सूखा का प्रकोप, प्राकृतिक आपदा से फसल की क्षति और ऋणों के बोझ ने किसानों को दयनीय बना दिया है। हां यह सही है कि सरकार ने कृषि-श्रमिकों आर्थिक एवं सामाजिक दशाओं में सुधार के लिए न्यूनतम मजदूरी अधिनियम गढ़ा है, लेकिन इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन न होने से श्रमिकों की दशा में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। बेहतर होगा कि सरकार इस अधिनियम के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे तथा साथ ही श्रमिकों के कार्यो के घंटों का नियमन करे। यह भी सुनिश्चित करे कि अगर कृषि-श्रमिकों से अतिरिक्त कार्य लिया जाता है तो उन्हें उसका उचित भुगतान हो। साथ ही भूमिहीन कृषि-श्रमिकों की दशा सुधारने के लिए उन्हें भूमि दी जाए। जोतों की अधिकतम सीमा के निर्धारण द्वारा प्राप्त अतिरिक्त भूमि का उनके बीच वितरण किया जाए। भू आंदोलन के अंतर्गत प्राप्त भूमि का वितरण करके उनके जीवन स्तर में सुधार लाया जाए।

गौर करें तो महिला श्रमिकों की हालत पुरुष श्रमिकों से ज्यादा त्रासदी और चुनौतीपूर्ण है। एक आंकड़े के मुताबिक विश्व के कुल काम के घंटों में से महिलाएं दो तिहाई काम करती हैं। लेकिन इसके बदले में उन्हें सिर्फ 10 प्रतिशत ही आय प्राप्त होता है। भारतीय संदर्भ में महिला श्रमिकों की बात करें तो पिछले दो दशक के दौरान श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत में अधिकतर महिलाएं विशेष रूप से गामीण महिलाएं कृषि कार्य से जुड़ी हैं। पर चिंता की बात यह है कि उन्हें उनके परिश्रम का उचित मूल्य और सम्मान नहीं मिल रहा है। जबकि एक श्रमिक के रुप में महिला श्रमिकों की पुरुष श्रमिकों से अलग समस्याएं होती हैं। लेकिन इसका श्रम कानूनों में कोई उल्लेख नहीं हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। उचित होगा कि देश की सरकारें इस दिशा में सुधारवादी कदम उठाएं। यहां जानना आवश्यक है कि संगठित क्षेत्र में 20 हजार से अधिक श्रमिक संगठन हैं। ये संगठन अपनी समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाते हैं और सरकार से अपनी मांग पूरा कराने में भी कामयाब होते हैं। लेकिन असंगठित क्षेत्र को यह लाभ नहीं मिल पाता है। उल्लेखनीय है कि छोटे व सीमांत किसान, भूमिहीन खेतीहर मजदूर, हिस्सा साझा करने वाले, मछुवारे, पशुपालक, बीड़ी रोलिंग करने वाले, भट्ठे पर काम करने वाले, पत्थर खदानों में लेबलिंग एवं पैकिंग करने वाले, निर्माण एवं आधारभूत संरचनाओं में कार्यरत श्रमिक, चमड़े के कारीगर इत्यादि असंगठित क्षेत्र के श्रमिक हैं।

अच्छी बात है कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने असंगठित क्षेत्र में आने वाले श्रमिकों के कल्याण के लिए श्रमिक सामाजिक सुरक्षा अधिनियम 2008 अधिनियमित किया है। लेकिन जब तक सरकार सुरक्षा अधिनियम के प्रावधानों को कड़ाई से क्रियान्वयन नहीं कराएगी तब तक उसका समुचित लाभ श्रमिक वर्ग को नहीं मिलेगा। यह सच्चाई है कि सख्त कानून के बावजूद भी कल-कारखाने, कंपनियां और उद्योग समूह अपने कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाने से गुरेज नहीं करते हैं। कोरोना महामारी के समय तो हालात और भी अधिक बदतर हो गए थे। ऐसे में आवश्यक कि सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए ऐसी कंपनियों और उद्योगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। चिंता की बात यह भी है कि बाल श्रमिक से जुड़े नए-नए कानूनी प्रावधानों के गढ़ने के बावजूद भी बालश्रम मिटाने की चुनौती बरकरार है। तकरीबन 50 लाख बाल श्रमिकों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। गत वर्ष पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाल श्रमिकों की दुर्दशा को लेकर सख्त नाराजगी जताते हुए सरकार को ताकीद किया था कि बाल मजदूरी से जुड़ी शिकायतों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो और बचाए गए बच्चों को मुआवजा देने और उनके पुनर्वास का काम 45 दिनों में सुनिश्चित हो।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## कविता



कवि
सुरेश रायकवार

# मैं मजदूर हूं

*मैं अल्हड़ मदमस्त हूं अक्रूर हूं*
*श्रम से कभी ना थकता मैं मजदूर हूं*
*ठिठुर रहें हों जीव जगत के सर्दी से*
*झुलस रही हो धरती चाहे गर्मी से*

*जल वृष्टि हो चाहे रुकता काम नहीं*
*काम निरंतर करता हूं विश्राम नहीं*
*मैं आलस निद्रा रोगों से दूर हूं*
*श्रम से कभी ना थकता मैं मजदूर हूं*

*मुझमे शक्ति है पर्वत मैं तोड़ दूँ*
*प्रण धर लूँ तो मैं नदियों को मोड़ दूँ*
*कर दूँ उपजाऊ मैं बंजर भूमि को*
*श्रम से मैं उपवन कर दूँ मरुभूमि को*

*अपने बाजू के बल पे मगरूर हूं*
*श्रम से कभी ना थकता मैं मजदूर हूं*
*ना भविष्य की चिंता ना सपने कल के*
*लेकिन आज को जीता हूं मैं जी भर के*

*सूखी रोटी पेट मेरा भर जाती है*
*नींद मुझे पत्थर पर भी आ जाती है*
*मैं दुनिया के दुख से कोसों दूर हूं*
*श्रम से कभी ना थकता मैं मजदूर हूं*

*मेरे श्रम से निर्मित घरों की दीवारें*
*मेरे स्वेदकणों से ऊंची मीनारें*
*श्रम से मेरे उत्पादन व्यापार है*

*श्रमबिन्दु से मेरे सब बाजार हैं*
*अपने शोषण से थोड़ा मजबूर हूं*
*श्रम से कभी ना थकता मैं मजदूर हूं*

## नॉलेज कॉर्नर: 15वीं शताब्दी में हुआ था रणकपुर मंदिर का निर्माण

# अपनी खास पहचान के लिए प्रसिद्ध है ये मंदिर

राजस्थान के पाली जिले में बसा रणकपुर जैन मंदिर अपने-आप में अद्भुत है। राजस्थान का यह मंदिर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। जगलों और अरावली की पहाड़ियों के बीच स्थित यह मंदिर जैन धर्म का विशेष देवस्थान है। राजस्थान ऐसा राज्य है जहां कई प्रसिद्ध और भव्य स्मारक बने हुए हैं। फिर चाहे माउंट आबू में दिलवाड़ा के विख्यात जैन मंदिर हो या जयपुर का गोविंद देव जी मंदिर, सभी की अपनी पहचान और अपनी महिमा है। इन्हीं मे रणकपुर का मंदिर भी शामिल हैं। यह मंदिर जैन धर्म के पांच प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक है। इसका निर्माण 15वीं शताब्दी में राणा कुंभा के शासनकाल में हुआ था। इसलिए इस स्थान का रणकपुर पड़ा।

### 99 लाख रुपए हुए थे खर्च

इस मंदिर का परिसर लगभग 40 हजार वर्ग फीट में फैला हुआ है। मंदिर के इतिहास की बात करें तो, करीब 600 वर्ष पूर्व 1446 विक्रम संवत में इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ था। इससे बनने में करीब 40 वर्षों से अधिक का समय लगा। इसे बनाने में करीब 99 लाख रुपए खर्च हुए थे। मंदिर में प्रवेश करने के लिए चार कलात्मक प्रवेश द्वार बने हुए हैं। जो इसे सबसे खास बनाता है। मुख्य गृह में तीर्थंकर आदिनाथ की 72 इंच ऊंची संगमरमर की चार विशाल मूर्तियां बनी हुई हैं। ये चारों मूर्तियां चारों दिशाओं की ओर अशोक स्तंभ की तरह उन्मुख हैं। यही कारण है कि इस मूर्ति को चतुर्मुखी कहा जाता है। मंदिर में 76 छोटे गुम्बदनुमा पवित्र स्थान बने हुए हैं। इसके अलावा प्रार्थना करने के लिए चार बड़े कक्ष तथा चार पूजा के लिए स्थान बनाए गए हैं। ये सभी स्थान इंसान को जीवन-मृत्यु की 84 लाख जीवयोनियों से मुक्ति प्राप्त कर मोक्ष में जाने के लिए प्रेरित करते हैं।



### प्रदेश का भव्य मंदिर

रणकपुर जैन मंदिर को राजस्थान के भव्य मंदिरों में गिना जाता है। यह पाली जिले में अरावली पर्वत की घाटियों के मध्य स्थित है। मंदिर के गलियारे में मंडप बने हुए हैं, इन मंडपों में सभी 24 तीर्थंकरों की तस्वीरें बनी हुई है। चारों ओर जंगलों से घिरा यह मंदिर अपने-आप में अनोखा है। इस मंदिर की सुंदरता देखते ही बनती है। रणकपुर मंदिर उदयपुर संभाग से 96 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके बारे में कहा जा सकता है, कि हमारे देश में जितने भी जैन मंदिर हैं, संभवतः यह उन सभी में अधिक भव्य और विशाल है। मंदिर में लगे 1444 खंभे इसे सबसे खास बनाते हैं। इन सभी खंभों पर सुंदर नक्काशी की गई है।

### मंदिर में बनवाए हैं कई तहखाने

*भविष्य में किसी प्रकार की बाधा न आए इसलिए मंदिर निर्माताओं ने इसमें कई तहखाने बनवाए। ताकि किसी प्रकार का संकट आने पर मंदिर की पवित्र मूर्तियों को तहखानों में सुरक्षित रखा जा सके। यहां एक संगमरमर के टुकड़े पर बहुत ही सुंदर तरीके से भगवान ऋषभदेव के पदचिह्न भी बने हुए हैं।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

## X



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
देश में पानी के संकट के समाधान के लिए कांग्रेस के पास कभी कोई विजन नहीं था, जबकि हमारी एनडीए सरकार ने इस दिशा में अभूतपूर्व प्रयास किए हैं।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
गरीबों के लिए वरदान, वंचितों का सम्मान और हर नागरिक का अभिमान - हमारा संविधान! कांग्रेस के सभी प्रत्याशियों और नेताओं से मेरा निवेदन है कि वह नामांकन, सभाओं, भाषणों और जनसंपर्क के दौरान पवित्र संविधान को अपने साथ ज़रूर रखें। गांव-गांव, गली-गली यह ऐलान कर दो कि जब तक कांग्रेस है भाजपा क्या, दुनिया की कोई ताकत भारत से उसका संविधान छीन नहीं सकती।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
"राजस्थान में उद्योग लगाने के लिए विश्वास के साथ आइए। प्रदेश में उद्योगों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की सुविधा मिलेगी, जैसा उद्योग लगाना चाहते हैं वैसा लगाइए। मेरा वादा है उद्यमियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। राजस्थान में आप सभी का स्वागत है।"

**पीएम मोदी की टिप्पणी पर सियासी घमासान, शरद पवार का पलटवार, कहा...**

# पहले कहते थे अंगुली पकड़ राजनीति में आया, अब कहते हैं भटकती आत्मा

एजेंसी | मुंबई

राकांपा(एससीपी) सुप्रीमो शरद पवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि पीएम मोदी आजकल मुझ पर काफी गुस्सा हैं। एक वक्त था, जब उन्होंने कहा था कि वे मेरी उंगली पकड़कर राजनीति में आए हैं। अब मुझे भटकती आत्मा कह रहे हैं। हां,मैं किसानों का दर्द बताने के लिए भटकता हूं। मैं महंगाई से परेशान आम आदमी का दर्द बताने के लिए भटकता हूं। ज्ञात रहे कि पीएम मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र



की एक चुनावी रैली में शरद पवार का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा था, महाराष्ट्र में एक 'भटकती आत्मा' है। अगर यह सफल नहीं होती है तो दूसरों के अच्छे काम को खराब कर देती है। महाराष्ट्र इसका शिकार रहा है।

### राहुल पर की गई टिप्पणी की आलोचना

पवार ने कहा, मैं लोगों की समस्याओं को उजागर करने के लिए 100 बार बेचैन होने के लिए तैयार हूं। पवार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को 'शहजादा' कहने के लिए प्रधानमंत्री की आलोचना की और कहा कि उनके परिवार की तीन पीढ़ियों ने देश की सेवा की और अपने प्राणों की आहुति दी।

### पीएम मोदी नहीं देते सवालों का जवाब

पवार ने कहा, मोदी इन सावलों का जवाब नहीं देते कि उन्होंने 10 सालों में क्या किया है, लेकिन उनका एक ही एजेंडा है, दूसरों की आलोचना करना। पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपने पद की प्रतिष्ठा बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने कहा, हर कोई उस पद (प्रधानमंत्री) की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए तैयार है, लेकिन अगर उस कुर्सी पर बैठा व्यक्ति ही झूठ फैला रहा है, गलत तरीके से आलोचना कर रहा है, तो ऐसे व्यक्ति के हाथ में सत्ता रखने का कोई मतलब नहीं है। हमें उनसे सत्ता छीनने का फैसला करना होगा।

### एमवीए नेताओं ने भी किया प्रहार



पीएम मोदी की इस टिप्पणी को लेकर महा विकास अघाड़ी के अन्य नेताओं ने तंज कसा है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी पीएम मोदी पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की आत्मा दिल्ली से महाराष्ट्र आती है। वह भटकती है। उनकी आत्मा इसलिए भटक रही है क्योंकि चार जून के बाद महाराष्ट्र भाजपा के लिए श्मशान जैसा हो जाएगा। इसलिए पीएम मोदी की आत्मा भटक रही है। वहीं, आदित्य ठाकरे ने कहा कि पीएम ने पवार को भटकती आत्मा कहा, यह बिल्कुल सही नहीं है। यह हमारी संस्कृति के खिलाफ है। अगर उन्हें अपने काम पर इतना भरोसा है तो वे अपने काम के बारे में ही बात करें।

### पीएम से पूछूंगा उन्होंने भटकती आत्मा किसे कहा: अजित



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार से पत्रकारों ने पीएम मोदी की टिप्पणी के बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने कहा कि पीएम की जब अगली सभा होगी तो मैं भी वहां रहूंगा। तब मैं उनसे पूछूंगा कि उन्होंने भटकती आत्मा किसे और किस उद्देश्य से कहा था। जब वे मुझे बता देंगे तो मैं भी आप सभी को बता दूंगा।

### सभी अच्छे लोगों ने कांग्रेस छोड़ दी: शिवराज सिंह



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा से भाजपा उम्मीदवार शिवराज सिंह चौहान ने अरविंदर सिंह लवली के दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने पर कांग्रेस पार्टी की आलोचना की है। शिवराज ने कहा कि पार्टी ने दिशा और दृष्टि दोनों खो दी है। चौहान ने रविवार को ग्वालियर में एक जनसभा के बाद संवाददाताओं से बात करते कहा, कांग्रेस में अब न तो कोई दिशा बची है और न ही कोई दृष्टि। वे गलत निर्णय ले रहे हैं जो अंततः उन्हें विनाश की ओर ले जाएंगे। यही कारण है कि सभी अच्छे लोगों ने कांग्रेस छोड़ दी है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने 28 अप्रैल को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लवली को अगस्त 2023 में ही इस पद पर नियुक्त किया गया था।

### अनंतनाग-राजोरी सीट पर अब मतदान 25 मई को

**जम्मू।** चुनाव आयोग ने जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजोरी लोकसभा सीट में मतदान की तारीख में संशोधन किया है। पहले यहां सात मई को चुनाव होना था, लेकिन अब यहां छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। बता दें कि अनंतनाग-राजोरी संसदीय सीट का चुनाव टालने के लिए भाजपा, अपनी पार्टी, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी), पीपुल्स कांफ्रेंस समेत विभिन्न राजनीतिक संगठनों तथा प्रत्याशियों की ओर से दिए गए प्रत्यावेदन का चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया था। सभी दलों ने खराब मौसम के कारण मुगल रोड के बंद होने को आधार बनाया था। इनका कहना था कि मुगल रोड बंद होने की वजह से प्रत्याशियों को मतदाताओं तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। इससे आम मतदाताओं तक निर्धारित समय में संपर्क नहीं हो पाया।

**पीएम मोदी ने महाराष्ट्र में चुनावी सभाओं में कांग्रेस को घेरा**

# हार से डरी कांग्रेस, मोहब्बत की दुकान में बिक रहे हैं फेक वीडियो

एजेंसी | लातूर/उस्मानाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र में पार्टी के प्रचार अभियान को गति दी। उन्होंने उस्मानाबाद, माढा व लातुर में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने लातूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को पराजय का भय इतना सता रहा है कि एआई के माध्यम से हमारे चेहरे और आवाज का इस्तेमाल कर रहे हैं। उनकी मोहब्बत की दुकान में फेक वीडियो बिकने लगे हैं।

वो मोदी की आवाज को और मोदी के भाषण का उपयोग करके नई-नई चीजें गढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल उठाया कि जो लोग प्रधानमंत्री पद भी किस्तों में बनाना चाहते हैं वे लोग बड़े लक्ष्य तय कर सकते हैं क्या? कुल मिलाकर कांग्रेस ने देश और देश की जनता को लूटने का बहुत खतरनाक प्लान बनाया है।

उन्होंने कहा कि वे पहले सभी का एक्सरे करेंगे, संपत्ति पर कब्जा करेंगे और उसके बाद उसे बांट देंगे। उन्होंने इसी के साथ ये भी कहा कि जिन्होंने देश को लूटा है उन्हें लौटाना ही पड़ेगा।



### मैंने घोटाले रोके इसलिए मुझसे खफा

पीएम मोदी ने उस्मानाबाद में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव भारत के स्वाभिमान का है। उन्होंने कहा कि जिनके घोटाले मैंने रोके हैं, वो मोदी से गुस्सा होंगे या नहीं? वो मोदी को गालियां देंगे या नहीं? आजकल ये इसी काम में लगे हैं। आपने 10 साल पहले का समय देखा है, आप आज का समय भी देख रहे हैं। दुनिया उस भारत को जानती है जो दुनिया के विकास को गति दे रहा है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब किसानों के हिस्से की खाद भी लूट जाती थी।

### 25 करोड़ को गरीबी से बाहर निकाला

मोदी ने माढ़ा में एक रैली में कहा कि महाराष्ट्र के लोग मोदी सरकार के 10 साल और कांग्रेस सरकार के 60 साल के अंतर को देख रहे हैं। कांग्रेस जो 60 साल में नहीं कर पाई वो काम हमने 10 साल में करके दिखाया है। पिछले 60 साल में आपने कई बार कांग्रेस के कई पीएम और नेताओं के मुंह से एक ही बात सुनी होगी कि गरीबी हटाएंगे, लेकिन गरीबी हटाई नहीं और आपके आशीर्वाद से हमने 10 साल में देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

**राजग प्रत्याशियों को लिखा पत्र, कहा...**

## कांग्रेस वोट बैंक को दे रही है SC-ST-OBC का आरक्षण

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से पहले भाजपा नीत राजग के उम्मीदवारों के नाम एक पत्र लिखा है।

पीएम ने पत्र में राजग उम्मीदवारों से कहा है कि वे एससी, एसटी और ओबीसी समुदायों से आरक्षण छीनने और इसे अपने वोट बैंक को देने के कांग्रेस के इरादे के बारे में मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाएं। कांग्रेस ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि वे विरासत कर जैसे खतरनाक विचार लाएंगे। उन्हें रोकने के लिए देश को एकजुट होना होगा।

हर उम्मीदवार को भेजे पत्र में प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखे अपने पत्र में, प्रधानमंत्री ने उन्हें केंद्र और पहले गुजरात में एक सफल मंत्री होने के अलावा पार्टी के सबसे मूल्यवान कार्यकर्ताओं में से एक बताया।

### समाज के हर वर्ग का हुआ सुधार

उम्मीदवारों को लिखे पत्र में पीएम मोदी ने कहा, भारत भर के परिवार, विशेषकर वरिष्ठ सदस्य जो पिछले पांच-छह दशकों में जिन कठिनाइयों से गुजरे हैं वह उन्हें याद होगा। पिछले 10 वर्षों में समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। कई परेशानियां दूर हुई हैं। फिर भी, अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है और यह चुनाव सभी के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करने के हमारे मिशन में निर्णायक होगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब**

## चुनाव से पहले ही CM केजरीवाल को क्यों किया गिरफ्तार!

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया है। शीर्ष अदालत ने आम चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है। ज्ञात रहे कि शराब नीति घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने को केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में



चुनौती दी है। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय के सवाल पर जवाब मांगा है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि 'जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल पूछे।

### आम चुनावों से पहले गिरफ्तारी क्यों ?

- क्या न्यायिक कार्यवाही के बिना आप यहां जो कुछ हुआ है, उसके संदर्भ में आपराधिक कार्यवाही शुरू कर सकते हैं। इस मामले में अब तक कुर्की की कोई कार्रवाई नहीं हुई है और यदि हुई है तो दिखाएं कि मामले में केजरीवाल कैसे शामिल है।
- जहां तक मनीष सिसोदिया मामले की बात है.. पक्ष और विपक्ष में निष्कर्ष हैं.. तो हमें बताएं कि केजरीवाल मामला कहां है?
- कार्यवाही शुरू होने और फिर गिरफ्तारी आदि की कार्रवाई के बीच का इतने समय का अंतराल क्यों?

### सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

दिल्ली के शराब नीति केस में 14 महीने से तिहाड़ जेल में बंद पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को एक बार फिर कोर्ट से झटका लगा है। मंगलवार को सिसोदिया की जमानत याचिका राउज एवेन्यू कोर्ट में खारिज हो गई।

**चुनावी सभा में सलमान खुर्शीद की भतीजी के बिगड़े बोल**

## 'वोट जिहाद' के आह्वान पर गरमाई सियासत, मामला दर्ज

एजेंसी | फर्रुखाबाद

उत्तर प्रदेश के कायमगंज में विपक्षी गठबंधन के एक प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित जनसभा में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी व समाजवादी पार्टी की नेता मारिया आलम खान के एक विवादित बयान पर सियासत शुरू हो गई है। वहीं चुनाव आयोग ने भी इस टिप्पणी को गंभीरता से लिया है और मारिया के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उड़न दस्ता मजिस्ट्रेट ने मारिया के इस भाषण को लेकर मामला दर्ज कराया है। यह सभा सलमान खुर्शीद के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई थी। मीडिया में आई खबरों के अनुसार





मारिया ने आलम ने भाजपा सरकार को हटाने के लिए 'वोट जिहाद' की अपील की और इसे अल्पसंख्यक समुदाय के लिए मौजूदा हालात में जरूरी बताया। उन्होंने कहा,बहुत समझदारी से बिना भावुक हुए और खामोशी के साथ मिलकर वोट जिहाद करें क्योंकि वोट जिहाद से ही हम इस संघी सरकार को भगा सकते हैं। इस बात पर जोर देते हुए कि अब हाथ मिलाने का समय आ गया है।

उन्होंने भाजपा प्रत्याशी त का नाम लेते हुए कहा, 'बहुत शर्म आती है कि कुछ मुसलमानों ने मुकेश राजपूत की बैठक कराई।

### सलमान खुर्शीद ने दी सफाई

अपनी भतीजी के बयान पर टिप्पणी करने के लिए पूछे जाने पर सलमान खुर्शीद ने कहा, हम आम तौर पर ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से परहेज करते हैं, क्योंकि इसका शाब्दिक अर्थ गलत लगा लिया जाता है। उन्होंने कहा "जिहाद का मतलब किसी परिस्थिति से संघर्ष करने के लिए होता है। यही मंतव्य उसका (मारिया आलम का) रहा होगा कि संविधान की रक्षा के लिए 'वोट जिहाद' किया जाए।

### भाजपा ने की बयान की आलोचना

भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी इस कदर बौखलाहट में है कि इन लोगों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए ये लोग वोट जिहाद की बात कर ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग को इसका संज्ञान लेना चाहिए और जनता को भी ऐसे लोगों को पराजित करना चाहिए, जो ध्रुवीकरण कर सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

**कांग्रेस की एक और सूची जारी**

## आनंद को कांगड़ा से तो बब्बर को गुरुग्राम से टिकट

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने मंगलवार को दो लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से चुनाव मैदान में उतारा गया है। इसके अलावा हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से सतपाल रायजादा को प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस ने मुंबई उत्तर से भूषण पाटिल को टिकट दिया है।

रायजादा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को टक्कर देंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता राज बब्बर को गुरुग्राम से प्रत्याशी बनाया गया है। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर कैप्टन अजय यादव को टिकट दिए जाने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन उनको टिकट नहीं मिला। अब हरियाणा में कांग्रेस व आप ने इंडिया गठबंधन के तहत सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं।

**राव इंद्रजीत से होगा राज बब्बर का मुकाबला:** गुरुग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा की ओर से राव इंद्रजीत एक बार फिर से मैदान में हैं। वह अपना नामांकन भी दर्ज करा चुके हैं।

**मध्य प्रदेश: दिग्गजों के दौरे से चढ़ा सियासी पारा**

# अगर भाजपा सत्ता में लौटी तो ये संविधान को फेंक देगी: राहुल गांधी

एजेंसी | भिंड (मध्य प्रदेश)

लोकसभा चुनावों को लेकर बड़े नेताओं के चुनावी दौरे से मध्य प्रदेश में राजनीतिक पारा दिन प्रतिदिन चढ़ता जा रहा है। मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और भाजपा के वरिष्ठ नेता व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं ने चुनाव सभाओं को संबोधित किया और प्रतिद्वंद्वी पार्टियों पर जमकर सियासी हमले किए।

राहुल गांधी ने मंगलवार को मध्य प्रदेश के भिंड जिले में एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने दावा किया कि अगर भाजपा केंद्र में सत्ता में लौटती है,



तो वह गरीबों, दलितों, एसटी और ओबीसी को अधिकार देने वाले संविधान को फाड़ देगी। साथ ही उन्होंने अडाणी-अम्बानी को लेकर भी प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने कहा- मैं आपका हूं, वो उनके हैं। इसके अलावा अग्निवीर योजना का जिक्र करते हुए राहुल ने कहा कि पीएम ने सेना का अपमान किया है।


### आरक्षण के मुद्दे पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे पर भी भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने पूछा, यदि सत्तारूढ़ सरकार आरक्षण के खिलाफ नहीं है, तो वह सार्वजनिक उपक्रमों, रेलवे और अन्य क्षेत्रों का निजीकरण क्यों कर रही है। गांधी ने यह भी कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अपनी महालक्ष्मी योजना के जरिए करोड़ों महिलाओं कोलखपति बनाएगी।

### महिलाओं को हर माह 8,500 रुपए

उन्होंने कहा कि योजना के तहत सरकार महिलाओं को लखपति बनाने के लिए उनके खातों में 8,500 रुपए प्रति माह ट्रांसफर करेगी। गांधी ने कहा कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-25 उद्योगपतियों को अरबपति बना सकते हैं, तो कांग्रेस करोड़ों महिलाओं को लखपति बना देगी।कांग्रेस ने भिंड लोकसभा (एससी-आरक्षित) सीट से भाजपा की मौजूदा सांसद संध्या राय के खिलाफ विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

### डायनासोर की तरह लुप्त हो जाएगी कांग्रेस: राजनाथ



दूसरी ओर मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के पुनासा में मंगलवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी। कांग्रेस एक डूबता जहाज है, उसे दुनिया की कोई ताकत नहीं बचा सकती है। महात्मा गांधी ने भी कहा था कि कांग्रेस को भंग कर देना चाहिए, लेकिन कांग्रेस में उनकी बात नहीं मानी गई। अब देश की जनता ने ही ठान लिया है कि कांग्रेस का सफाया होना चाहिए। रोटी कपड़ा और मकान, पीपली लाइव का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के राज में महंगाई बेकाबू थी, इसी कारण फिल्में बनी थी। राजनाथ सिंह ने सूरत और इंदौर की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह तो करिश्मा हो गया, कांग्रेस के प्रत्याशी भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। इससे पहले भी 20 बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए तब लोकतंत्र खतरे में नहीं आया, लेकिन भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए तो कांग्रेस को लोकतंत्र खतरे में नजर आने लगता है।

### गरीबी मिटाने के वादे किए पर नहीं मिटा पाए

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नेहरू, राजीव गांधी, मनमोहन सिंह सभी ने गरीबी मिटाने के वादे किए लेकिन कोई भी गरीबी नहीं मिटा पाया। अब जाकर नरेन्द्र मोदी ने गरीबी को चुनौती समझते हुए काम किया है। दुनिया की कई आर्थिक संस्थाएं बताती हैं कि बीते 7 वर्षों में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। अब कोई भी महंगाई पर फिल्म नहीं बनाता क्योंकि यह नियंत्रण में है। कांग्रेस के समय को घोटालों का दौर बताते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भाषण देने से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होता है।

## जरूरी खबर

### विस्तारा के प्रशिक्षण प्रमुख को किया निलंबित

**नई दिल्ली।** देश के विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बोइंग 787 पायलटों के लिए एयरलाइन की प्रशिक्षण प्रक्रिया में कमियों का पता लगाने के बाद विस्तारा के प्रशिक्षण प्रमुख विक्रम मोहन दयाल को निलंबित कर दिया है। डीजीसीए ने इस कार्रवाई से पहले एयरलाइन को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। इस मामले में विमानन नियामक की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। नागर विमानन महानिदेशालय ने कुछ पायलटों के प्रशिक्षण में कथित खामियों की जांच की थी। सूत्रों के अनुसार डीजीसीए को इस प्रशिक्षण में खामियां मिली और जांच के बाद नियामक ने एयरलाइन के प्रशिक्षण प्रमुख के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया।

### जयशंकर की UAE के विदेश मंत्री से मुलाकात

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात की विदेश मंत्री रीम अल हाशिमी के साथ नई दिल्ली में बैठक की। दोनों नेताओं ने और क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार साझा किए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर रीम अल हाशिमी के साथ बैठक की जानकारी शेयर की। उन्होंने कहा, यूएई के अंतरराष्ट्रीय सहयोग राज्य मंत्री रीम अल हाशिमी से मिलकर खुशी हुई। हमने हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी में आगे के कदमों पर चर्चा की। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिति पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया।"

### शाह के भाषण के फेक वीडियों केस में दो जने अरेस्ट



**अहमदाबाद।** गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के वीडियो से छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में अहमदाबाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले में दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज किया था। गौरतलब है कि 25 अप्रैल को तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में भाजपा की चुनावी रैली में अमित शाह द्वारा दिए गए भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर प्रसारित किया गया था। इससे पहले असम पुलिस ने भी मामले में सोमवार को एक शख्स को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस ने मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत तेलंगाना कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है।

## महत्वपूर्ण मिनरल्स पर शिखर सम्मेलन




*नई दिल्ली। खनन मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में महत्वपूर्ण खनिजों पर आयोजित दो दिवसीय शिखर सम्मेलन मंगलवार को इंडिया हैबिटेट सेंटर में शुरू हुआ। सम्मेलन में विभिन्न मसलों पर विचार विमर्श हो रहा है।*

### माफीनामें में हुआ सुधार, अब सुनवाई 7 को



**नई दिल्ली।** भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक माफी में 'उल्लेखनीय सुधार' की सुप्रीम कोर्ट ने सराहना की। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ द्वारा की जा रही है। मामले की सुनवाई 7 मई को होगी। इसमें रामदेव और बालकृष्ण को अगली सुनवाई में पेश होने से छूट दी है। रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी पेश हुए। पीठ ने वकील से कहा कि माफी की भाषा पर्याप्त थी और इसमें नाम भी थे। मुझे नहीं पता कि दूसरी माफी किसकी जांच पर है। इसमें उल्लेखनीय सुधार हुआ है। न्यायाधीशअमानुल्लाह ने कहा, 'हम इसकी सराहना करते हैं।

दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने के मामले में चार्ज सीट में CBI का दावा

# महिलाओं को भीड़ के बीच छोड़ कर चले गए थे पुलिस कर्मी

एजेंसी | नई दिल्ली

मणिपुर के चुराचांदपुर में भीड़ द्वारा कुकी-जोमी समुदाय की दो महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने और उनके साथ यौन उत्पीड़न मामले में सीबीआई ने बड़ा खुलासा किया है। सीबीआई ने चार्जशीट में कोर्ट को बताया है कि निर्वस्त्र परेड और यौन उत्पीड़न से पहले दोनों महिलाएं पुलिस की जिप्सी के पास पहुंचने में कामयाब हो गई थी। लेकिन जिप्सी के ड्राइवर ने उन्हें बताया कि उसके पास गाड़ी की चाबी नहीं है। पुलिस ने दोनों महिलाओं को वहां उनके हालात पर छोड़ दिया और कहा, वहां कोई नहीं है यानी उन्हें ख़तरा नहीं है। सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक, दोनों महिलाओं ने पुलिस से वाहन में बैठाकर सुरक्षित जगह ले जाने का आग्रह किया था। पुलिस जिप्सी में दो अन्य पीड़ित पुरुष भी बैठे थे।




आरोप पत्र में कहा गया है कि जिप्सी छोड़कर सभी पुलिसकर्मी मौके से चले गए। इसके बाद बड़ी संख्या में भीड़ वहां पहुंची और महिलाओं को जिप्सी से बाहर निकाल लिया। भीड़ ने महिलाओं को निर्वस्त्र कर परेड कराई और उनके साथ यौन उत्पीड़न किया गया। ज्ञात रहे कि इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सीबीआई ने हुइरेम हेरोदास मैतेई के साथ-साथ अन्य पांच लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

### महिलाओं ने सेना को जब्त हथियार ले जाने से रोका

**इंफाल।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में मंगलवार को प्रदर्शनकारियों ने सेना को जब्त किए गए हथियार और गोला-बारूद ले जाने से रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि कुंबी इलाके में गश्त के दौरान सेना के जवानों ने मंगलवार तड़के दो वाहनों को रोका। सेना के जवानों को देखकर दोनों वाहनों में सवार लोग अपने हथियारों को छोड़कर भाग गए। थोड़ी देर बाद 'मीरा पैबिस' मैतेयी महिलाओं का समूह मौके पर इकट्ठा हुआ और मांग की कि हथियार उन्हें सौंप दिए जाएं। संघर्ष खत्म होने तक कोई भी हथियार जब्त नहीं किया जाए।अधिकारियों ने बताया कि सैकड़ों महिलाओं ने सड़क अवरुद्ध कर दी और सेना के काफिले को क्षेत्र से बाहर जाने से रोक दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सेना ने हवा में गोलियां चलाईं। घटना की जानकारी मिलने पर राज्य पुलिस बल इलाके में पहुंचा। इस बात पर सहमति बनी कि सेना हथियार पुलिस को सौंप देगी।

आईएमए प्रमुख अशोकन का सुझाव

## भ्रूण के लिंग का पता लगाने की हो अनुमति

एजेंसी | नई दिल्ली

इंडियन मेडिकल असोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष डॉ. आर.वी. अशोकन का कहना है कि एक कानून के माध्यम से लिंग परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने से कन्या भ्रूण हत्या रुक सकती है, लेकिन बच्ची के जन्म के बाद उसके लिए खतरे बरकरार रहेंगे। उन्होंने कहा कि किसी सामाजिक बुराई का कोई चिकित्सीय समाधान नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, एक सुझाव यह होगा कि क्यों न भ्रूण के लिंग का पता लगाया जाए और फिर कन्या भ्रूण की रक्षा की जाए। मीडिया में आई खबरों के अनुसार अशोकन ने कहा कि आईएमए मौजूदा गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसी-पीएनडीटी) अधिनियम को संशोधित करने के लिए एक दस्तावेज पर काम कर रहा है। यह अधिनियम भ्रूण के लिंग के निर्धारण के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीकों पर प्रतिबंध लगाता है



और डॉक्टरों को जवाबदेह बनाता है। उन्होंने कहा, एक सुझाव यह होगा कि क्यों न भ्रूण के लिंग का पता लगाया जाए और फिर कन्या भ्रूण की रक्षा की जाए। अशोकन ने दावा किया कि पीसी-पीएनडीटी अधिनियम पूरी तरह से असंगत, अदूरदर्शी और एनजीओ द्वारा संचालित है। उन्होंने कहा,कन्या भ्रूण हत्या को रोकने में हमारी जिम्मेदारी है लेकिन हम पीसी-पीएनडीटी अधिनियम द्वारा अपनाई गई पद्धति से सहमत नहीं हैं। इस पद्धति ने चिकित्सकों के लिए बहुत कठिनाई पैदा कर दी है। आईएमए काफी समय से पीसी-पीएनडीटी अधिनियम पर फिर से विचार करने की मांग कर रहा है।

कनाडा में भारतीय छात्रों को होगी मुश्किल

## पढ़ाई के साथ कमाई पर चली सरकार की कैंची

एजेंसी | नई दिल्ली

कनाडा में भारतीय समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को आर्थिक मुश्किलें झेलनी पड़ सकती हैं। कनाडा सरकार ने पढ़ाई के साथ-साथ कमाई पर कैंची चला दी है। यानी कैंपस के बाद काम करने के उनके घंटों में कमी कर दी गई है। कनाडा के नए नियमों के अनुसार अब सितंबर महीने से प्रति सप्ताह 24 घंटे ही परिसर से बाहर रहकर काम कर सकेंगे। कनाडाई अंतरराष्ट्रीय शिक्षा ब्यूरो की 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार कनाडा में उस साल 3,19,130 भारतीय छात्र थे प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की लिबरल पार्टी नीत सरकार ने देश में कामगारों की कमी को पूरा करने के लिए कोविड-19 महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए काम के घंटों की 20 घंटे की सीमा को अस्थायी रूप से माफ कर दिया था।

इसकी वजह से छात्र प्रति सप्ताह 20 घंटे से ज्यादा करीब 40 घंटे तक यानी फुल टाइम काम कर रहे थे और उससे अतिरिक्त कमाई कर रहे थे।

महिलाओं के यौन शोषण का है आरोप

## सांसद प्रज्वल रेवन्ना जनता दल (एस) से निलंबित

एजेंसी | कर्नाटक

कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) ने यौन शोषण के आरोपों से घिरे पार्टी के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को दल से निलंबित कर दिया और उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। जद (एस) की कोर कमेटी की बैठक में रेवन्ना को निलंबित करने का फैसला किया गया। रवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं।

कर्नाटक के पूर्व सीएम और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी का कहना है कि उनका (प्रज्वल रेवन्ना) निलंबन जांच पूरी होने तक है। जद (एस) कोर कमेटी



के अध्यक्ष जीटी देवेगौड़ा ने कि हम प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ एसआईटी का स्वागत करते हैं।

हमने अपनी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से एसआईटी जांच पूरी होने तक उन्हें पार्टी से निलंबित करने की अनुशंसा करने का निर्णय लिया है। रेवन्ना पर उनकी पूर्व नौकरानी की शिकायत के बाद 28 अप्रैल को कथित यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था। यौन उत्पीड़न, धमकी और महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में आईपीसी की धारा 354ए, 354डी, 506 और 509 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### SIT ने शुरू की जांच

आईपीएस अधिकारी विजय कुमार सिंह की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एसआईटी में डीजी सीआईडी सुमन डी पेनेकर और आईपीएस अधिकारी सीमा लाटकर शामिल हैं।

### महिला आयोग ने मांगी रिपोर्ट

इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग ने प्रज्वल रेवन्ना मामले में स्वत: संज्ञान लिया है और कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक से इस मुद्दे पर तीन दिनों के भीतर एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

### क्यों नहीं की कार्रवाई: अमित शाह

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार से सवाल किया कि महिलाओं के कथित यौन शोषण के मामले में लोकसभा सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? यहां पत्रकारों से बातचीत में शाह ने कहा कि भाजपा महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस आरोप लगा रही है कि इस घटना में एनडीए सहयोगी का उम्मीदवार शामिल है, लेकिन मैं बस एक छोटा सा सवाल पूछना चाहता हूं - उस राज्य (कर्नाटक) में किसकी सरकार है?

रक्षा चुनौतियों पर चिंतन

# स्वदेशी तकनीक होगी भविष्य की ताकत, आत्मनिर्भरता जरूरी: पांडे

■ जनरल पांडे का जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में उद्बोधन

एजेंसी | नई दिल्ली

थल सेना अध्यक्ष जनल मनोज पांडे ने मंगलवार को भविष्य की रक्षा चुनौतियों और स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने पर जोर डाला। जनरल पांडे के अनुसार अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणाली जैसे नए क्षेत्रों तक युद्ध की सीमाएं पहुंच गई हैं।

ऐसे में भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत



को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने पर जोर देना चाहिए। उन्होंने सुरक्षा बलों से तकनीक और खुद पर भरोसा करने की बात पर जोर दिया है। जनरल पांडे ने चौथे जनरल के सुंदरजी स्मृति व्याख्यान में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत को अब स्वदेशी सैन्य क्षमताओं को विकसित करने की आवश्यकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कोई भी देश अपनी अत्याधुनिक तकनीक को साझा नहीं करना चाहेगा। आधुनिक युद्धों को देखें तो इनकी पहुंच अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना तंत्र तक हो चुकी है। ऐसे में सेनाओं की ताकत भी बढ़ रही है। मैदान में अत्याधुनिक तकनीक के इस्तेमाल पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले समय में कोई भी देश हमारे साथ अपनी नवीनतम, उन्नत और मारक तकनीक को साझा नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम ऐसी तकनीक के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे तो कई क्षेत्रों में पीछे छूट सकते हैं।

### बदल रहा है आधुनिक युद्धों का चरित्र

जनरल पांडे ने कहा कि सुरक्षा बलों को आत्म निर्भर होना और खुद पर भरोसा करना आवश्यक है। इस तरह से हम स्वदेशी और आधुनिक तकनीक के माध्यम से और भी ज्यादा ताकतवर साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम युद्धक्षेत्र के डिजिटलीकरण के बारे में बात करते हैं, तो पता चलता है कि हथियारों की मारक क्षमता और सटीकता में कई गुना वृद्धि हो चुकी है। अब प्रौद्योगिकी का अभूतपूर्व पैमाने पर प्रसार हो रहा है, जिससे आधुनिक युद्धों के चरित्र को बदल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा स्वदेशी क्षमताओं को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के माध्यम से अपनी क्षमता के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

### समुद्र में युद्ध जीतने के लिए तैयार रहना होगा

**नई दिल्ली।** एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नौसेना के 26वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद मंगलवार को कहा कि नौसेना को समुद्र में संभावित शत्रुओं से निपटने के लिए हर समय तैयार रहना होगा। यानी कहा जाए तो समुद्र में तथा समुद्र से युद्ध जीतने के लिए तैयार रहना होगा एडमिरल त्रिपाठी ने संवाददाताओं से कहा पिछले कुछ सालों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट, विश्वसनीय



और भविष्य के लिहाज से तत्पर बल के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा, मेरा एकमात्र ध्यान और प्रयास इस दिशा में होगा।

### आत्म-निर्भरता बढ़ाने के प्रयासों को प्राथमिकता

नए नौसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि वह आत्म-निर्भरता बढ़ाने के लिए नौसेना के प्रयासों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा मैं आत्म-निर्भरता की दिशा में, नई प्रौद्योगिकियों को पेश करने में और विकसित भारत के लिए हमारे सामूहिक प्रयासों की दिशा में राष्ट्रीय विकास का महत्वपूर्ण स्तंभ बनने में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को भी मजबूत करूंगा।

जवाहर कला केंद्र: नृत्यम् कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा के साथ संस्कृति के दर्शन

# नृत्य में दर्शाए श्रीकृष्ण की बांसुरी पर भाव विभोर गोपियों के भाव

**बेधड़क.जयपुर।** गुरु की छाया में जब शिष्यों ने जुगलबंदी और समूह कथक किया तो गुरु-शिष्य परम्परा के साथ संस्कृति के दर्शन भी हुए। डांस का कॉम्बिनेशन मानो किसी मशीन की तरह हो। किसी के भी पैर एक-दूजे से अलग नहीं हुए। ये सुंदर नजारा था जयपुर के जवाहर कला केंद्र में नृत्यम् कार्यक्रम का, जिसमें अग्रवाल एजुकेशनल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से कला व संस्कृति विभाग के सहयोग से कथक की सुंदरता पेश की गई। कार्यक्रम 2 सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें पहले सत्र में 'कथक की परम्परा व नवाचार' विषय पर जयपुर घराने के वरिष्ठ गुरुओं ने चर्चा की। पंडित गिरधारी महाराज, डॉ. शोभा कोसर, डॉ. शशि सांखला, पंडित फतेह सिंह गंगानी, डॉ. रेखा ठाकुर व डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी ने कथक के बदलते स्वरूप पर बात की। विदुषी प्रेरणा श्रीमाली द्वारा सिंपोजियम को मॉडरेट किया गया।





## भावपूर्ण पारंपरिक दोहे की प्रस्तुति

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्राचीन कला केंद्र के सचिव सजल कोसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. स्वाति अग्रवाल की शिष्याओं ने शिव वंदना से की। कार्यक्रम की अतिथि कलाकार गुरु मंजरी किरण ने भावपूर्ण पारंपरिक दोहा प्रस्तुत किया, जिसमें श्रीकृष्ण की बांसुरी सुनकर वृंदावन में गोपियों की होने वाली विविध अवस्थाओं का वर्णन किया गया। डॉ. स्वाति ने शुद्ध कथक ताल तीन ताल में प्रस्तुत किया और शृंगार रस पर आधारित ठुमरी 'मोहे छेड़ो ना' पर प्रस्तुति देखकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। इसके बाद स्वाति की शिष्याओं ने सूर्यष्टक, विभिन्न जातियों को दर्शाति बंदिश जाति माल, कजरी, आड़ा चौताल आदि का प्रस्तुतीकरण किया। मंच संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया।



## प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ की रजिस्ट्रार डॉ. शोभा कोसर सम्मानित

संस्थान द्वारा गुरु गिरधारी महाराज कला रत्न अवॉर्ड प्रदान करने की घोषणा की गई। अवॉर्ड हर वर्ष कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले को दिया जाएगा। इस वर्ष का पुरस्कार से प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ की रजिस्ट्रार डॉ. शोभा कोसर को 51 हजार रुपए, ताम्रपात्र व शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में जवाहर कला केंद्र के रंगायन में बेलगाम के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक कैवल्य कुमार गुरव शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति हुई। साथ ही संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड से सम्मानित चंडीगढ़ की डॉ. शोभा कोसर ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी।

## गोविंद के फूल बंगला झांकी



**बेधड़क. जयपुर।** माधव गोंडेश्वर मंडल की ओर से मनाए जा रहे गौरांग महा प्रभु जन्मोत्सव में घर-घर वैष्णव जन भक्तों ने कार्यक्रम आयोजित किएए। धार्मिक अनुष्ठान बधाई गान हुए। इसी कड़ी में बनीपार्क स्थित शिव मार्ग में भगवान का 538वां जन्म महोत्सव भक्ति भाव से मनाया गया। राधा गोविंद देवजी की छवि की फूल बंगला झांकी सजाकर शीतलता प्रदान करने वाले व्यंजनों का भोग लगाया गया। महंत अंजन कुमार गोस्वामी प्रवक्ता मानस गोस्वामी के सानिध्य में संकीर्तन और बधाई गान का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्तों के द्वारा टॉफी, खिलौने, कपड़ों की उछाल हुई। भक्तों के द्वारा भगवान की महाआरती का आयोजन किया गया। भगवान के महाभोग के प्रसाद का भोग लगाकर भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

## विवा का एनआईडी में चयन

**बेधड़क. जयपुर।** एनआईडी बैंगलुरु ऑल इंडिया टेस्ट इन यूनिवर्सल डिजाइन में विवा जेफ का सलेक्शन हुआ। उन्होंने बताया कि वे राजस्थान से एक मात्र कैंडिडेट हैं, जिनका सलेक्शन इसके लिए हुआ है। इस मौके पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए पेरेंट्स की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की बात की।



## प्रभु स्मृति कार्यक्रम 3 को

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर में 3 मई को जवाहर कला केंद्र में 13वीं हेमलता प्रभु स्मृति कार्यक्रम होगा। इस दौरान शास्त्रीय संगीत की गायिका शुभा मुदगल इश्क कविता की प्रस्तुति देंगी। साथ ही तबले पर अनीश प्रधान तो हारमोनियम में सुधीर नायक की संगत होगी। कानोड़िया कॉलेज की पूर्व छात्रा इंद्रजीत कुमार 'मेरा कॉलेज और उसका मेरे जीवन पर प्रभाव' विषय पर बात रखेंगी।

## City इवेंट्स

### सनराइस फुटबॉल क्लब ने जीता मैच



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे राजस्थान फुटबॉल लीग मुकाबले में मंगलवार को जयपुर के रॉयल फुटबॉल क्लब ग्राउंड में 72 मैचों में से 51 नंबर का मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि एएसएल फुटबॉल क्लब और सनराइस फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें दोनों ही टीमों ने शानदार आक्रमण किए। सनराइस फुटबॉल क्लब के भीम सिंह ने 79 मिनट में मिली पेनल्टी किक को गोल में बदल कर टीम को मैच में 1-0 से जीत दिलाई। बुधवार को अविवा फुटबॉल क्लब मैदान थॉरासी सीकर में एएसएल फुटबॉल क्लब व सनराइस फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

### छोटा भीम को लेकर जयपुराइट्स उत्साहित

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स छोटा भीम का इंतजार कर रहे हैं और अब ये 31 मई को युवाओं के सामने होगी। गर्मी में छोटा भीम और उसकी सेना के साथ साहसिक यात्रा में जयपुर के सिनेमा प्रेमी शामिल होंगे और इसके लिए वे उत्साहित हैं। अनुपम खेर स्टारर लाइव एक्शन मूवी खुशहाल स्वर्ग ढोलकपुर के नायक छोटा भीम और उसकी सेना लोगों और शहर को अभिशाप से बचाने के लिए नापाक दमयान से निपटेंगे।

### रेलवे के लिए सुरक्षा सबसे पहले



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय में रेलवे की संरक्षा व कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। चारों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधक वीडियों कांफ्रेंसिंग से जुड़े। बैठक में अमिताभ-महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे के लिए सुरक्षा सबसे पहले है और गर्मी के मौसम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां पेट्रोलिंग, खतरे के समय गाड़ियों के सुरक्षित संचालन संबंधी नियम, स्वयं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाए जाने वाले कदम आदि पर रेल कर्मियों को गहन प्रशिक्षण व काउंसलिंग होती रहनी चाहिए। उन्होंने सेफ्टी ऑडिट पर विशेष ध्यान देने के साथ यार्ड ले–आउट मोडिफिकेशन के कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी के साथ समय-समय पर आपातकालीन दुर्घटना राहत गाडी व मेडिकल राहत गाड़ी के मॉक ड्रिल आयोजित कर कर्मचारियों की समयबद्धता जांचने के निर्देश दिए।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान

## शिक्षा सहयोग किट मिला तो CS ऑपरेटर्स की बेटियों के खिले चेहरे



**बेधड़क | जयपुर**

शिक्षा सहयोग किट मिला तो अच्छी पढ़ाई करके अपना और अपने परिवार का जीवन संवारने का सपना संजोने वाली बेटियों के चेहरे खिल उठे। उनकी आंखों में अपना सपना पूरा होने की उम्मीद नजर आई। मौका था बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम काशी के तहत जयपुर में कोल्ड स्टोरेज ऑपरेटर्स की बेटियों को शिक्षा सहयोग किट बांटने का।

कार्यक्रम में छात्राओं को वाइस प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल मार्केटिंग) संजय ग्रोवर और जनरल सेक्रेटरी रवि गोयल द्वारा साइकिल, मोबाइल, घड़ियां, किताबें, जूते तथा बैग्स का वितरण किया गया। कन्या शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई और कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

छात्राओं का मार्ग दर्शन करते हुए उन्हें आगे पढ़ने को प्रोत्साहित किया। हर वर्ष यह कार्यक्रम भारत के अलग-अलग राज्य में किया जाता है।

पार्क में गुर्जर की मूर्ति लगाने की घोषणा

## रक्तदान शिविर में जयपुराइट्स ने किया 182 यूनिट ब्लड डोनेट



**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व पार्षद स्व. रमेश गुर्जर की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 182 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। सांसद प्रत्याशी मंजू शर्मा, पूर्व मंत्री अरूण चतुर्वेदी सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा हवामहल विधायक बालमुकुंदआचार्य, हैरिटेज जयपुर की महापौर मुनेश गुर्जर, विद्याधर नगर क्षेत्र से सीताराम अग्रवाल, पूर्व महापौर निर्मल नाहटा, रविशंकर शर्मा पार्षदगण इंद्रप्रकाश धाभाई उमेश शर्मा दिनेश कावड़, हेमेंद्र शर्मा, सुभाष व्यास, हनुमान गुर्जर, राकेश बागड़ा, समाजसेवी आलोक अग्रवाल, गौरव शर्मा, प्रताप सिंह राजावत आदि ने पार्क मे स्व. रमेश गुर्जर की मूर्ति लगाने की घोषणा की। रक्तदाताओं को स्मृति चिन्ह हेलमेट और टीम रमेश गुर्जर का सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया, जिसमें टीम रमेश गुर्जर के सदस्य और परिवारगण मौजूद रहे।

डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग | विभिन्न टीम वर्ग में फाइनल में हुए रोमांचक मुकाबले

## सी. में मलोत और जू. वर्ग में एडवांस्ड ऑर्थोपेडिक चैंपियन

**बेधड़क | जयपुर**

मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस लीग में सीनियर और जूनियर टीम वर्ग में फाइनल में रोमांचक मुकाबले हुए। इसमें सीनियर वर्ग में मलोत हॉस्पिटल और जूनियर वर्ग में एडवांस्ड ऑर्थोपडिक स्पोर्टस इंजरी हॉस्पिटल चैंपियन रहे। लीग पेट्रोन डॉ. संदीप निझावन और चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि दबंग सिंगल्स में अंडर 45 में सुधांशु ने डॉ. आदित्य को 6-3 से व अबव 45 में डॉ. रवि ने डॉ कपिल को 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया।



आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि सीनियर टीम वर्ग में मालोट हॉस्पिटल ने स्पोर्टी डॉक को 2-1 से हराकर चैंपियनशिप अपने नाम की। खास बात यह रही कि मालोट हॉस्पिटल ने लगातार तीसरी बार डीपीटील का खिताब जीतकर इतिहास रचा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. सचिन खटटर ने बताया कि दबंग डबल्स में डॉ. निशान्त-डॉ. कपिल ने डॉ. पुनीत और डॉ. खड्डा को 6-3 से हराकर फाइनल जीता।

### गीतेश और रामचंदानी बने मलंग

लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि मलंग सिंगल्स बिलो 45 में डॉ. गीतेश विजेता और डॉ. लोकेश उपविजेता और अबोव 45 में डॉ. रामचंदानी विजेता और डॉ. अजीत कुल्हरी उपविजेता रहे। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ. अजीत-डॉ. चेतन ने डॉ. सुनील-डॉ. संकल्प को 6-3 से हराकर खिताबी मुकाबला जीता। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि दबंग ट्राइओ फाइनल में टीम निशांत ने टीम डॉ. दिनेश चौधरी को 21-17 से हराया। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि मलंग ट्राइओ फाइनल में टीम अजित कुल्हरी ने टीम गीतेश मंगल को 21-15 से हराकर खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल वर्ग में डॉ. अमन-अनुष्का की जोड़ी विजेता और डॉ. अभिषेक-श्रुति की जोड़ी उपविजेता रही। वहीं, महिला सिंगलस में डॉ. हिमाक्षी विजेता और डॉ. अनुष्का उपविजेता रही।



भूमि और भाग्य का एक ही स्वभाव है... जो बोया है वही पाओगे।


विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइल ने कहा-राफा में आतंकियों के खात्मे के लिए शुरू करेगा आक्रामक अभियान

# इजराइली अटैक में 27 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा/तेल अवीव।** दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा शहर पर ताजा इजराइली हमलों में 27 फिलिस्तीनी मारे गए। हमास-नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने कहा कि विभिन्न हमलों में सीमावर्ती शहर की आवासीय इमारतों में 20 लोग मारे गए। गोलाबारी में राफा में एक परिवार के सात सदस्यों की भी कथित तौर पर मौत हो गई। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने कहा कि वह घटनाओं के सटीक निर्देशांक के बिना टिप्पणी नहीं कर सकते। इजराइल ने कहा है कि वह फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के शेष गढ़ों को खत्म करने के लिए राफा में आक्रामक अभियान शुरू करेगा।





## हिजबुल्लाह आतंकी को मार गिराया

इजराइली रक्षा बल ने कहा है कि उसने अयता अल-शाब क्षेत्र में सक्रिय एक हिजबुल्ला आतंकी को सैन्य भवन में प्रवेश करते हुए पाया और लड़ाकू विमानों से हमला कर उसे मार डाला। गहराते संकट के बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने खाड़ी सहयोग परिषद के विदेश मंत्रियों से गाजा में मानवीय तबाही कम करने को युद्धविराम पर जोर दिया। उन्होंने इजराइल से भी इस पर ध्यान देने का आग्रह किया।

## बेंजामिन नेतन्याहू की बढ़ी मुश्किलें

गाजा युद्ध को कई महीने बीतने के बाद अभी तक हमास की कैद से सभी बंधक रिहा नहीं हो सके हैं। अब इजराइल राफा पर बड़े हमले की तैयारी कर रहा है, लेकिन इस बीच पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की मुश्किलें बढ़ गई हैं। नेतन्याहू पर युद्ध रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है। वहीं नेतन्याहू की सहयोगी पार्टियों ने चेतावनी दी है कि अगर राफा पर हमला रोका गया तो वे नेतन्याहू सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे और उस स्थिति में नेतन्याहू सरकार का गिरना तय हो जाएगा। अमेरिका भी इजराइल पर युद्धविराम का दबाव बना रहा है। वहीं इजराइल का दावा है कि हमास की चार बटालियन राफा शहर में ही मौजूद हैं। ऐसे में इस्राइल हमले से पीछे हटने को तैयार नहीं है।

### फिलीपींस में लॉकडाउन की स्थिति, 47000 स्कूल हुए ऑनलाइन

# पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में गर्मी ने तोड़े रिकॉर्ड

**एजेंसी | मनीला**

दक्षिण पूर्व एशिया के लोगों को भीषण गर्मी की लहर का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक यह लहर इस पूरे सप्ताह जारी रहेगी। रिकॉर्ड-उच्च तापमान के कारण कई देशों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। अतंरराष्ट्रीय संस्थाओं ने पूरे क्षेत्र में तत्काल स्वास्थ्य चेतावनी जारी कर दी है। फिलीपींस के सभी पब्लिक स्कूलों में लाखों छात्रों को घर पर रहने का आदेश दिया गया। पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में सभी लोगों को बाहरी गतिविधियों से बचने और खूब पानी पीने की सलाह जारी की गई है। किशोरों और बुजुर्गों को विशेष रूप से सावधान रहने के लिए कहा गया है। फिलीपींस के जल संसाधन और मौसम विज्ञान मंत्रालय के प्रवक्ता चान युथा ने बताया कि इस साल कंबोडिया 170 वर्षों में सबसे अधिक तापमान का सामना कर रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने पूर्वानुमान लगाया है कि इस सप्ताह फिलीपींस के अधिकांश हिस्सों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस (109 डिग्री फारेनहाइट) तक पहुंच सकता है। मध्य मैगवे, मांडले, सागांग और बागो क्षेत्रों में सात टाउनशिप में रिकॉर्ड-उच्च तापमान का अनुभव हुआ. पिछले सप्ताह म्यांमार के कई शहर दुनिया भर में सबसे गर्म स्थानों की सूची में थे। मैगवे में चौक टाउनशिप, ऐतिहासिक रूप से देश का सबसे गर्म क्षेत्र, म्यांमार का उच्चतम तापमान 48.2 डिग्री सेल्सियस (118.8 डिग्री फारेनहाइट) दर्ज किया गया, जिसने 1968 में दर्ज किए गए 47.4 डिग्री सेल्सियस (117.3 डिग्री फारेनहाइट) का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया।



### दो पुलिसकर्मी सहित पांच लोगों पर किया हमला, 13 साल के लड़के की मौत

# तलवार अटैक से पूर्वी लंदन में दहशत

**एजेंसी | लंदन**

पूर्वी लंदन के हैनॉल्ट ट्यूब स्टेशन के पास एक शख्स ने तलवार से कई लोगों पर हमला किया। डराने वाली इस घटना में नंगी तलवार लेकर सड़क पर निकले शख्स ने दो पुलिसकर्मियों सहित पांच लोगों पर हमला कर उनको घायल किया। इस हमले में घायल एक 13 साल से लड़के की मौत हो गई है। कई लोगों पर हमला कर दहशत फैलाने वाला ये शख्स देर तक सड़क पर तलवार लहराता रहा। इस तरह से एक बड़ी नंगी तलवार लिए शख्स की सिरफिरे हकरतें देख इलाके में लोग दहशत में आ गए। पुलिस काफी देर की मशक्कत के बाद उसको गिरफ्तार करने में कामयाब रही। ये घटना मंगलवार सुबह की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एसेक्स के पास रेडब्रिज के घटनास्थल के कुछ वीडियो और तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें संदिग्ध हमलावर को तलवार लिए घूमते हुए देखा जा सकता है। पुलिस ने कहा कि उन्हें करीब सुबह 7 बजे फोन किया गया कि थुरलो गार्डन इलाके में शख्स तलवार लिए हुए है। पुलिस की गिरफ्त मे आने से पहले ये व्यक्ति पांच लोगों पर हमला कर चुका था।




## कोलंबिया में सेना का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 9 सैनिकों की मौत



**एजेंसी | बोगोटा**

उत्तरी कोलंबिया के एक ग्रामीण इलाके में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलिकॉप्टर में सवार नौ सैनिकों की मौत हो गई। हादसे के कारणों का पता नहीं चल सका है। एक बयान में कोलंबियाई सेना ने कहा कि हेलिकॉप्टर सांता रोजा डेल सुर की नगर पालिका में सामान लेकर जा रहा था। कोलंबियाई राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने एक्स पर लिखा कि सेना के हेलिकॉप्टर में सवार नौ यात्रियों की मौत पर अफसोस है। हादसे में मारे गए लोगों में सेना के अधिकारी समेत दो अधिकारी समेत दो सार्जेंट और तीन प्राइवेट लोग भी मारे गए।

### रहस्य अभी भी बरकरार

# वैज्ञानिकों ने खोजा सबसे गहरा ब्लू होल

**एजेंसी | वॉशिंगटन**

मेक्सिको का ताम जा ब्लू होल दुनिया का सबसे गहरा ज्ञात अंडर वॉटर सिंकहोल है। शोधकर्ताओं ने इसकी खोज की है। वे अभी तक इसके नीचे तक नहीं पहुंच पाए हैं। ताम जा ब्लू होल (TJBH) युकाटन प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्वी तट पर चेतुमल खाड़ी में स्थित है। नए माप से पता चलता है कि समुद्र तल से कम से कम 1,380 फीट लगभग 420 मीटर नीचे तक फैला हुआ है। सबसे पहले इस ब्लू होल को वैज्ञानिकों ने 2021 में खोजा था। तब दर्ज किए गए दस्तावेज के मुताबिक इसकी गहराई 146 मीटर से ज्यादा थी। इससे पहले दुनिया का सबसे गहरा ब्लू होल दक्षिण चीन सागर का संशा योंगले ब्लू होल था। इसकी गहराई 301 मीटर है, जिसे ड्रैगन होल के नाम से जाना जाता है। फ्रंटियर्स इन मरीन साइंस जर्नल में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ। इसमें शोधकर्ताओं ने लिखा, '6 दिसंबर 2023 को TJBH में प्रचलित पर्यावरणीय स्थितियों की पहचान करने के लिए एक स्कूबा डाइविंग अभियान आयोजित किया गया था।' इस अभियान के दौरान शोधकर्ताओं ने चालकता, तापमान और गहराई प्रोफाइलर के साथ माप लिया।



**पानी की हुई प्रोफाइलिंग:** इस दौरान एक उपकरण से पानी के रियल टाइम गुणों की पहचान की गई। स्टडी में लिखा गया कि डेटा से पता चलता है कि ताम जा ब्लू होल दुनिया का सबसे गहरा ज्ञात ब्लू होल है, जिसके तल तक अभी भी नहीं पहुंचा जा सका है। प्रोफाइलर ने ब्लू होल के अंदर पानी की विभिन्न परतों पर भी प्रकाश डाला। इसमें 400 मीटर से नीचे भी पानी की एक लेयर शामिल है, जहां तापमान और लवणता की स्थिति कैरेबियन सागर के आसपास के तटीय रीफ लैगून के समान थी।

## सुरंगों का हो सकता है नेटवर्क

अध्ययन के मुताबिक TJBH सुरंगों और गुफाओं के छिपे हुए नेटवर्क के जरिए समुद्र से जुड़ा हो सकता है। ब्लू होल पानी से भरे सिंकहोल होते हैं, जो तटीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं। इनकी आधारशिला चूना पत्थर, संगमरमर या जिप्सम जैसे घुलनशील सामग्री से बनी होती है। वे तब बनते हैं, जब सतह पर पानी चट्टान के माध्यम से रिसता है, खनिजों को घोलता है और दरारें चौड़ी करता है। जिसके बाद अंत में चट्टान ढह जाती है। बहामास में डीन का ब्लू होल और मिस्र में दहाब ब्लू होल भी इसका उदाहरण है।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl